संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -353 शुक्रवार ,27 अक्टूबर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

ईडी की बड़ी कार्यवाही

## सीएम के बेटे को हाजिर होने का समन

» प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के घर पर छापे






**जयपुर,26 अक्टूबर 2023(ए)।** राजस्थान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापेमारी की है। ईडी की टीम यहां गुरुवार सुबह पहुंची। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे को भी ईडी ने समन जारी कर 27 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है।

### विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम का मामला

प्रवर्तन निदेशालय ने जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को पेश होने का समन जारी किया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर स्थित आवास पर छापेमारी की है। वैभव गहलोत को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम में कथित अनियमितताओं के मामले में पूछताछ के लिए 27 अक्टूबर को तलब किया गया है।

### 'समन' की टाइमिंग पर उठाया सवाल

वहीं डोटासरा के यहां ईडी की छापेमारी पेपर लीक मामले में हो रही है। खबर के मुताबिक, जयपुर के साथ-साथ यह छापेमारी सीकर में भी रही है। ईडी के समन पर वैभव गहलोत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'समन की टाइमिंग पर सवाल हैं। यह 12 साल पुराना मामला है। मेरे पिता अशोक गहलोत को निशाना बनाया जा रहा है।

### गहलोत ने केंद्र पर साधा निशाना

सीएम गहलोत ने इस छापेमारी को लेकर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'दिनांक 25/10/23। राजस्थान की महिलाओं के लिए कांग्रेस की गारंटियां लांच की, दिनांक 26/10/23 को राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह जी डोटासरा के यहां ईडी की रेड, मेरे बेटे वैभव गहलोत को ईडी में हाजरि होने का समन। अब आप समझ सकते हैं, जो मैं कहता आ रहा हूं कि राजस्थान के अंदर ईडी की रेड रोज़ इसलिए होती है क्योंकि भाजपा ये नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके।'

मामला ईडी की जांच के दायरे में तब आया जब जयपुर के दो निवासियों ने 2015 में एक शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें कहा गया था कि वैभव गहलोत ने मॉरीशस स्थित 'शिवनार होल्डिंग्स' नाम की कंपनी से अवैध धन को ठिकाने लगाया था। इस कंपनी पर एक शेल कंपनी होने का संदेह है।

शिकायत के अनुसार, 2011 में होटल के 2,500 शेयर खरीदकर मॉरीशस स्थित फर्म से ट्राइटन होटल्स को फंड डायवर्ट किया गया था। उक्त शेयर 39,900 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से खरीदे गए थे जबकि मूल शेयर की कीमत प्रत्येक शेयर के लिए केवल 100 रुपये थी। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि शिवनार होल्डिंग्स 2006 में बनाई गई थी और इसका उद्देश्य केवल काले धन को ठिकाने लगाना था।

शिकायत में कहा गया है कि ट्राइटन होटल्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को 15 मार्च 2007 को वैभव गहलोत के करीबी रतन कांत शर्मा द्वारा पंजीकृत किया गया था। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने अपनी जांच में पाया कि ट्राइटन होटल्स ने फेमा प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए शिवनार होल्डिंग्स लिमिटेड से भारी प्रीमियम पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त किया। जांच में आगे पता चला कि ट्राइटन समूह सीमा पार हवाला लेनदेन में शामिल रहा है।

### सीएम के ओएसडी ने जारी किया बयान

ईडी की इस कार्रवाई पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा का बयान आया है। उन्होंने कहा है कि राजस्थान में होने जा रहे चुनाव में अपनी हार सुनिश्चित देखकर बीजेपी बौखलाई हुई है। बीजेपी के पास मुद्दे नहीं हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी पर दबाव बनाने के षड्यंत्र के तौर पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के यहां ईडी का एक्शन दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि जनता देख रही है कि देशभर में बीजेपी विपक्ष के नेताओं पर आक्रमण करती है, केस करती है। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी डरने वाली नहीं है, एक तरफ तानाशाही हुकूमत है तो दूसरी तरफ लोकतंत्र और संविधान में पूर्ण आस्था लिए सच्चाई की ताकत। संघर्ष जारी है, जारी रहेगा, हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे। बीजेपील का कोई भी दबाव और टारगेटेड एक्शन राजस्थान में कांग्रेस सरकार रिपीट होने से नहीं नहीं रोक पाएगा।

## नेटवर्क की समस्या से मिलेगा छुटकारा!

» सभी गांवों में लगेंगे मोबाइल टावर,

» मोदी ने दी डेडलाइन

» सभी गांवों में मार्च 2024 तक मोबाइल टावर लगाने की समय सीमा तय की



**नई दिल्ली,26 अक्टूबर 2023(ए)।** देश के दूरदराज के इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर काबू पाने के लिए समय सीमा तय कर दी है। पूर्ण मोबाइल फोन नेटवर्क कवरेज हासिल करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी विभागों को मार्च 2024 तक भारत के सभी गांवों में मोबाइल टावर स्थापित करने के लिए कहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, मोबाइल नेटवर्क में देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा कि बांधों के निर्माण पर स्थानीय लोगों को आपत्ति हो सकती है, लेकिन स्थानीय लोग मोबाइल नेटवर्क को बढ़ाने के लिए मोबाइल टावरों की स्थापना का समर्थन कर सकते हैं। इस बीच नरेंद्र मोदी ने 'प्रगति' बैठक में यह जानकारी दी है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'यूएसओएफ परियोजना के तहत मोबाइल टावर और 4जी कवरेज' की भी समीक्षा की। इसके अलावा, बैठक में नरेंद्र मोदी ने बांधों के निर्माण की तुलना मोबाइल टावरों की स्थापना से की, क्योंकि अधिकारियों ने देरी के कारणों के रूप में भूमि की अनुपलब्धता और दूरदराज के स्थानों का हवाला दिया। एक सूत्र ने कहा कि जहां अधिकारियों ने काम पूरा करने के लिए और समय देने का सुझाव दिया, वहीं प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि काम वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा हो जाना चाहिए।

करीब चार महीने में पहली 'प्रगति' बैठक में प्रधानमंत्री ने गुजरात में 66 टावरों के निर्माण में हो रही देरी पर चिंता जताई। मोबाइल फोन नेटवर्क का पूर्ण कवरेज प्राप्त करने के लिए, सरकार ने विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्राधिकरण के केंद्रीकृत प्राधिकरण (आरओडब्ल्यू) के लिए एक समर्पित वेबसाइट 'गतिशक्ति संचार' बनाई है। इस बीच, प्रगति 'प्रो-एक्टिव गवर्नेंस' और समय पर कार्यान्वयन के लिए एक प्रौद्योगिकी-आधारित मंच है। इसमें केंद्र और राज्य सरकारें शामिल हैं।

## येदियुरप्पा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

» 33 सुरक्षाकर्मी किए जाएंगे तैनात;चौबीसों घंटे करेंगे निगरानी

**बेंगलुरू,26 अक्टूबर 2023(ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को राज्य में कट्टरपंथी समूहों से उनके जीवन को खतरे को देखते हुये जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुल 33 जेड श्रेणी के सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

एक सूत्र ने कहा, उनके आवास पर 10 सशस्त्र गार्ड तैनात किए जाएंगे और तीन शिफ्टों में 12 सशस्त्र गश्ती कमांडो तैनात किए जाएंगे। दो व्यक्ति चौबीसों घंटे सुरक्षा की निगरानी करेंगे। येदियुरप्पा कर्नाटक में



राज्यव्यापी दौरा शुरू कर रहे हैं और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) द्वारा खतरे के आकलन के जवाब में सुरक्षा प्रदान की गई है। सुरक्षा घेरा केवल कर्नाटक तक ही सीमित रहेगा।

इससे पहले, राज्य सरकार ने कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस (केएसआरपी) के कर्मियों को येदियुरप्पा की सुरक्षा में तैनात किया था। येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा पहली बार दक्षिण भारत में सत्ता में आई थी। हालाँकि, उन्होंने चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी थी, इसके बावजूद वह राज्य भाजपा में सबसे लोकप्रिय जन नेता बने हुए हैं।

## लूटे गए 6 अत्याधुनिक हथियार बरामद,4 लोग गिरफ्तार

**इंफाल,26 अक्टूबर 2023(ए)।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में लूटे गए छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं और दो आतंकवादियों और दो हथियारबंद लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि संयुक्त सुरक्षा बलों ने थौबल जिले में दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, एक इंसास राइफल और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और भारी मात्रा में विस्फोटक सहित छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। पुलिस ने उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के दो कट्टर कैडरों को भी गिरफ्तार किया और उनके पास से दो हथियारों के साथ कुछ गोला-बारूद भी बरामद किया गया।मणिपुर पुलिस ने चुराचंदपुर जिले में दो लोगों को दो हथियारों और कुछ गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। मणिपुर के दो राष्ट्रीय राजमार्गों इंफाल-दीमापुर (एनएच-2) और इंफाल-जिरिबाम (एनएच-37) पर वाहनों की आवाजाही लगभग सामान्य हो गई है।

## मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के आवास पर ईडी की छापेमारी

» ईडी की बड़ी कार्रवाई राशन घोटाले को लेकर चल रही है जांच

» पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के 8 ठिकानों पर ईडी का छापा



**कोलकाता,26 अक्टूबर 2023(ए)।** कोलकाता में पश्चिम बंगाल के वन मंत्री और पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ने आज छापा मारा है। मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का नाम पश्चिम बंगाल राशन वितरण घोटाला मामले में सामने आया है। प्रवर्तन निदेशालय राशन घोटाले मामले की काफी पहले से जांच कर रही है। राशन घोटाले जब हुआ उस समय ज्योतिप्रिय मलिक खाद्य मंत्री का कार्यभार संभाल रहे थे।

रवर्तन निदेशालय सूत्रों के अनुसार, राशन घोटाले मामले में मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक का नाम बकीबुर रहमान की गिरफ्तारी के बाद सामने आया। प्रवर्तन निदेशालय ने आज सुबह करीब 6:30 बजे साल्ट लेक के बीसी ब्लॉक में स्थित ज्योतिप्रिय मल्लिक के दोनों घरों पर पहुंच गई। प्रवर्तन निदेशालयने ज्योतिप्रिय मल्लिक के घर के अलावा नागेरबाजार में स्थित उनके असिस्टेंट अमित के फ्लैट पर भी पहुंची और छापेमारी शुरू कर दी। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने गुरुवार सुबह कुल 8 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है। प्रवर्तन निदेशालय मंत्री ज्योतिप्रिय और बिजनेसमैन बाकिबुर के बीच संबंध की भी जांच कर रही हैं।

### राशन घोटाले मामले में बाकिबुर गिरफ्तार

राशन घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले बुधवार को कोलकाता में स्थित बाकिबुर के कैखाली फ्लैट पर छापा मारा था। प्रवर्तन निदेशालय सूत्रों के अनुसार, बकीबुर के फ्लैट से सरकारी दफ्तरों की 100 से ज्यादा मुहरें मिली थी। इसके साथ ही खाद्य आपूर्ति से संबंधित विभिन्न सरकारी संस्थानों के 109 टिकट बरामद किये है। बकीबुर के फ्लैट पर ईडी ने साढ़े 53 घंटे तक तलाशी की थी। तलाशी के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने बाकिबुर से 11 घंटे पूछताछ की और शनिवार सुबह उन्हें गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बकीबुर की विभिन्न कंपनियों में 50 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया गया है। बाकिबुर के कई होटल, रिसॉर्ट और बार हैं। इसके अलावा उसकी कई चावल मिलें भी हैं।

## अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करना संवैधानिक अधिकार

### महिला की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली,26 अक्टूबर 2023 (ए)।** एक दंपती को पुलिस सुरक्षा प्रदान करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि मनपसंद व्यक्ति के साथ शादी करना




संवैधानिक अधिकार है। ऐसे अधिकार को किसी भी तरह से कमजोर नहीं किया जा सकता है। नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना राज्य सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है।

### दंपती को सुरक्षा उपलब्ध कराने का आदेश

न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के बालिग होने पर उनके परिवार के सदस्य भी उनके रिश्ते पर आपत्ति नहीं कर सकते हैं। अदालत ने संबंधित थाना पुलिस को दंपती को सुरक्षा उपलब्ध कराने और उन्हें कोई खतरा न होना सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

### महिला ने सुरक्षा के लिए दायर की थी याचिका

स्वजन से सुरक्षा की मांग को लेकर महिला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने उक्त टिप्पणी की। महिला ने याचिका में कहा कि उसकी शिकायत पर युवक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, उक्त प्राथमिकी को हाई कोर्ट ने दो अगस्त को रद्द किया था, क्योंकि उसने अदालत को बताया था कि उसने परिवार के सदस्यों के दबाव में युवक के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। महिला ने कहा कि प्राथमिकी लंबित रहने के दौरान दोनों ने शादी कर ली थी और अब वे खुशी-खुशी रह रहे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उसके स्वजन से उनको जान का खतरा है। इस पर पीठ ने कहा कि एक संवैधानिक अदालत होने के नाते संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना उनका कर्तव्य है।

अदालत ने दिल्ली पुलिस को दंपती को सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि महिला के माता-पिता या परिवार के सदस्यों से कोई नुकसान न हो।

## नाबालिग लड़की को जिंदा जलाकर मारा

» पिता के पहुंचते ही भागते दिखे आरोपी

» पांच नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

» घटनास्थल पर पहुंच फॉरेंसिक व पुलिस टीम ने की साक्ष्य की तलाश



**अमेठी,26 अक्टूबर 2023(ए)।** एक नाबालिग लड़की को उसी के घर में जिंदा जलाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पांच नामजद व तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल कर साक्ष्य की तलाश करती दिखी। घटना बुधवार की बताई जा रही है।

कस्बा निवासी जितेंद्र कुमार शुक्ल बुधवार की शाम छह बजे घर के बगल स्थित बड़ौदा यूपी बैंक में गए थे। इसी दौरान उनका भतीजा रजत कुमार ने बैंक पहुंचकर घर में आग लगने की बात कही। जब वह मकान की छत पर गया, तो देखा उसकी 16 वर्षीय पुत्री शिवी आग की लपटों के चपेट में है। पीड़ित पिता की मानें तो उसी दौरान उसे छत से कूदकर दक्षिण गांव स्थित पूरे लोहांगी निवासी फैजान व गुफरान, कस्बा निवासी प्रिंस पाल व जावेद अहमद तथा कटरा निवासी राम बहादुर यादव व तीन अज्ञात युवक भागते दिखे। किसी तरह आग बुझाकर इलाज के लिए बेटी को सीएचसी पहुंचा, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आरोप-बेटी को जलाकर मार डाला

पिता का आरोप है कि छत से कूदकर भाग रहे युवकों ने ही बेटी को जलाकर मार डाला है। पीड़ित पिता अपराधियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ा है और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहा है।

### मौके पर पहुंचा पुलिस बल

स्थिति को बिगड़ता देख मौके पर क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह, थानाध्यक्ष इन्हौना कंचन सिंह, जामो विवेक कुमार, कमरौली अभिनेष, क्राइम ब्रांच प्रभारी उमेश मिश्र भी पहुंचे। काफी समय समझाने के बाद पीड़ित शव का पोस्टमार्टम कराने को तैयार हुआ।

घटनास्थल का एएसपी हरेंद्र कुमार ने निरीक्षण किया और स्थानीय पुलिस से जानकारी हासिल की। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार चौहान ने बताया कि पिता की तहरीर पर पांच नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## ट्रक एसयूवी की टक्कर में 12 लोगों की मौत

**चिक्कबल्लापुर,26 अक्टूबर 2023(ए)।** बेंगलुरु के पास चिक्कबल्लापुर के बाहरी इलाके में बेंगलुरु-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गुरुवार को एक एसयूवी के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 12 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना में दो अन्य घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।उन्होंने बताया कि सुबह की धुंध की वजह से ड्राइवर देख नहीं सका और हादसा हो गया।



चिक्काबल्लापुर के एसपी डी.एल. नागेश ने कहा कि एसयूवी पीछे से एक ट्रक से टकरा गई, इसमें 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और 10 पुरुष शामिल हैं। घटनास्थल का दौरा करने वाले एसपी ने कहा, पीड़ित आंध्र प्रदेश से आ रहे थे।पुलिस ने कहा कि मृतक आंध्र प्रदेश के गोरंटला का रहने वाले था और बेंगलुरु के होंगसंद्रा में रहते थे। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

## एल्विश से एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाला शख्स हुआ गिरफ्तार,बताया क्यों दी थी धमकी

**गुरुग्राम ,26 अक्टूबर 2023(ए)।** । गुजरात पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में, गुरुग्राम पुलिस ने यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी-2 विजेता एल्विश यादव से कथित तौर पर 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में गुजरात के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। संदिग्ध की पहचान साकिर मकरानी के रूप में हुई है।

पुलिस को 25 अक्टूबर को गुरुग्राम के वजीराबाद निवासी एल्विश यादव से एक लिखित शिकायत मिली, जिसमें कहा गया कि वह किसी काम से लंदन गए थे और 17 अक्टूबर को जब वह भारत लौटे तो उन्हें कई धमकी भरे संदेश मिले। शिकायतकर्ता ने कहा, इस धमकी के साथ 1 करोड़ रुपये की मांग की गई थी, अगर राशि नहीं दी गई तो वो मुझे मार डालेंगे। सेक्टर-53 पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 384 और 387 के तहत मामला दर्ज किया गया और



पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी। गुजरात पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में, गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखा के प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने गुरुवार को गुजरात के वडनगर से संदिग्ध को पकड़ा।

एसीपी (अपराध) वरुण दहिया ने कहा, संदिग्ध ने खुलासा किया कि वह गुजरात में आरटीओ कार्यालय में एक एजेंट के रूप में काम करता है। उसने यूट्यूब पर एल्विश यादव के वीडियो देखे थे और रातोंरात करोड़पति बनने के लिए उससे पैसे ऐंठने की योजना बनाई थी। इसके लिए उसने एल्विश यादव को धमकी भरे संदेश भेजने के लिए 1,400 रुपये में एक नकली सिम कार्ड खरीदा था। आरोपी के कब्जे से अपराध में इस्तेमाल किया गया सिम कार्ड और एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।

## एक ही परिवार के 4 सदस्यों को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर,26 अक्टूबर 2023(ए)।** । बिहार के मुजफ्फरपुर ज़िले के कटरा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक घर में घुसकर एक ही परिवार के चार सदस्यों को गोली मार दी और फरार हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जजुआर क्षेत्र निवासी हेमा ठाकुर का परिवार बुधवार की रात्रि करीब 11 बजे खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए अपराधियों ने घर में घुसकर गोलीबारी कर दी।

इस घटना में हेमा ठाकुर, उनकी पत्नी मोती देवी, पुत्र अंकित कुमार और अमन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी लोगों को इलाज के लिए बैरिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से आधा दर्जन से अधिक खोखा बरामद किया है।

पुलिस उपाधीक्षक (पूर्वी) सहरियार अख्तर ने बताया के घटना को लेकर पूरी जानकारी ली है। उन्होंने घटना का कारण आपसी विवाद बताया है। बताया जाता है कि दशहरा मेले के दौरान इनका किसी से विवाद हो गया था। डीएसपी पूर्वी ने बताया कि इलाके की नाकेबंदी कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

संपादकीय

## अनाज:आंकड़े और अंतर्विरोध

अनाज पैदावार के वास्तविक आंकड़ों के आने के बाद ही सरकार के ताजा अनुमानों की पुष्टि हो सकेगी। इस बीच यह आवश्यकता जरूर है कि सरकार आंकड़े जुटाने और अनुमान लगाने के अपने सिस्टम को बेहतर बनाए, ताकि पिछले वर्ष जैसी स्थिति आगे ना हो। केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़ों के जरिए अंदाजा लगाया है कि 2022-23 में अनाज की रिकॉर्ड पैदावार हुई। इस अनुमान के मुताबिक अनाज की कुल पैदावार 32 करोड़ 90 लाख टन हुआ है। यह 2021-22 की तुलना में 4.5 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि बढ़ोतरी चावल और गेहूं की पैदावार में भी हुई, लेकिन सबसे ज्यादा वृद्धि मोटे अनाजों के मामले में दर्ज हुई। यह वृद्धि 12 प्रतिशत तक रहने की बात कही गई है। हालांकि दलहन की पैदावार पिछले वर्ष की तुलना में 4.4 प्रतिशत गिरी, लेकिन पांच वर्ष के औसत से तुलना करें, तो उसमें भी छह फीसदी की बढ़ोतरी नजर आती है। इन आंकड़ों ने कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों को चौंकाया है। यह सवाल सहज ही उठा है कि कृषि पैदावार इतनी दुरुस्त है, तो देश में खाद्य मुद्रास्फीति इतनी ऊंची क्यों बनी हुई है? और सरकार को कुछ फसलों के निर्यात पर रोक क्यों लगानी पड़ी? फिर ओर भी ध्यान जाता है कि पिछले साल सरकार ने गेहूं की पैदावार के बारे में गलत अंदाजा लगाया था, जिस कारण पहले लगाए गए अनुमान की तुलना में वास्तविक पैदावार कम रही थी। केंद्र ने पूर्व अनुमान के आधार पर ही यह एलान कर दिया कि यूक्रेन युद्ध के कारण विश्व बाजार में हुई गेहूं की कमी की पूर्ति भारत करेगा। लेकिन बाद उसे निर्यात रोकने का निर्णय लेना पड़ा। तब कम पैदावार के कई कारणों का जिक्र किया गया था। 2022-23 में भी कई ऐसे कारण हैं, जो सरकार के अनुमान पर संदेह का कारण बन रहे हैं। मसलन, इस वर्ष कई राज्यों में मानसून की बारिश सामान्य से कम रही है, और कई राज्यों में बाढ़ से नुकसान हुआ है। दरअसल, सरकारी अधिकारी घरेलू बाजार में अनाज की महंगाई का कारण इन्हीं तथ्यों को बताते रहे हैं।

# क्या विपक्षी गठबंधन में सब ठीक है?

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में विधानसभा की कुछ सीट नहीं देने के लिए कांग्रेस को निशाना बनाया तो कहा गया कि विपक्षी गठबंधन में फूट पड़ गई और यह टूट सकता है। उधर बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कांग्रेस पर हमला किया तब भी यही कहा गया कि गठबंधन टूट सकता है और विपक्षी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। इससे पहले वामपंथी पार्टियों ने अपने असर वाले राज्यों में तालमेल से इनकार किया तब भी विपक्षी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं होने की खबरें चलीं। आम आदमी पार्टी को लेकर रोज आशंका जताई जाती है कि अरविंद केजरीवाल किसी भी समय विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को गच्चा दे सकते हैं। इस तरह की घटनाएं भाजपा के गठबंधन में भी हो रही हैं। हाल ही में तमिलनाडु में अन्ना डीएमके ने भाजपा से तालमेल तोड़ लिया है। आंध्र प्रदेश में पता ही नहीं चल रहा है कि भाजपा और टीडीपी का तालमेल होगा या परदे के पीछे से भाजपा वाईएसआर कांग्रेस से तार जोड़े रहेगी। पंजाब में भी अकाली दल के साथ उसका गठबंधन नहीं हो रहा है तो बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों खेमों में घमासान चल रहा है, जिसकी पंचायत भाजपा को करनी है। हैरानी की बात है कि इसके बावजूद एनडीए के बिखरने या सब कुछ ठीक नहीं होने की खबरें नहीं आती हैं। यह भारतीय मीडिया का चरित्र है वह सत्तापक्ष की कमियां नहीं बता सकती है।



बहरहाल, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का जो विवाद अभी दिख रहा है उस आधार पर किसी नतीजे पर पहुंचने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि अखिलेश यादव जो कह रहे हैं या नीतीश कुमार ने बिहार में जो कहा या सीपीएम का जो स्टैंड है वह सबकी अपनी अपनी राजनीति को लेकर है। हां, यह जरूर है कि अभी 'इंडिया' में सब कुछ ठीक नहीं लग रहा है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि विपक्षी गठबंधन बिखरने जा रहा है और सभी पार्टियां मिल कर लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। यह सही है कि विपक्षी गठबंधन की आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी। उसके बाद से कोई बैठक नहीं हुई है। समन्वय समिति की एक बैठक 13 सितंबर को हुई थी, जिसमें भोपाल में विपक्ष की साझा रैली करने की सहमति बनी थी लेकिन वह रैली भी टल गई क्योंकि मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कमलनाथ चुनावी सीजन में ऐसे नेताओं से दूर रहना चाहते थे, जो सनातन का विरोध कर रहे थे। समन्वय समिति में टिकट बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुई थी और कहा जा रहा था कि 31 अक्टूबर तक इस बारे में शुरुआती फैसला हो जाएगा। लेकिन अभी उस दिशा में भी काम आगे नहीं बढ़ा है।

इसका कारण यह है कि कांग्रेस इस समय विपक्षी गठबंधन की बैठक और सीट बंटवारे के काम में नहीं उलझाना चाहती है। इस समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें कांग्रेस का बहुत कुछ दांव पर लगा है। गठबंधन की बाकी पार्टियां इन राज्यों में नहीं हैं इसलिए उनकी चिंता आगे के चुनाव की है, जबकि कांग्रेस को इन पांच राज्यों की चिंता है। उसके सारे नेता राज्यों के उम्मीदवारों के चयन, रणनीति बनाने और प्रचार में बिजी हैं। इसलिए वे गठबंधन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। दूसरी बात यह है कि कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव नतीजों से पहले विपक्षी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे में नहीं पड़ना चाहती थी। कांग्रेस को लग रहा है कि पांच राज्यों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा होगा और उसके बाद वह मोलभाव करने की बेहतर स्थिति में होगी। हालांकि यह जोखिम लेने वाली बात है क्योंकि अगर पांच राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा तो उसकी मोलभाव करने की क्षमता कम भी हो सकती है और तब विपक्षी पार्टियां उस पर ज्यादा हावी हो जाएंगे। फिर भी कांग्रेस सोच समझ कर यह जोखिम ले रही है। जहां तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी का सवाल है तो उसका मुख्य कारण यह है कि नीतीश ने ही विपक्षी गठबंधन बनाने की पहल की थी और पहली बैठक पटना में कराई थी। तभी से वे उम्मीद कर रहे हैं कि उनको विपक्षी गठबंधन का समन्वयक या संयोजक बनाया जा सकता है। लेकिन तीन बैठकों के बाद भी इस बारे में फैसला नहीं हुआ। इससे वे आहत हैं। तभी वे बिहार में कांग्रेस कोटे से एक और मंत्री बनाने का फैसला भी नहीं कर रहे हैं। इससे प्रदेश स्तर पर नाराजगी बढ़ रही है। यह भी कहा जा रहा है कि राजद और जदयू दोनों मिल कर कांग्रेस को कम से कम सीटें देना चाहते हैं। इसलिए कांग्रेस की ओर से भी दबाव की राजनीति हो रही है। तभी नीतीश कुमार ने बिहार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में एक कार्यक्रम में कह दिया कि भाजपा नेताओं के साथ उनकी दोस्ती कभी खत्म नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के बारे में उनकी बात नहीं सुन रही थी, जबकि 2014 में बनी सरकार ने उनकी बात सुन ली। यह कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत उन्होंने कहा क्योंकि सबको पता है कि बिहार में दो केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मंजूरी कांग्रेस सरकार के समय ही हुई थी।

अखिलेश यादव की नाराजगी का कारण भी स्थानीय है। वे उत्तर प्रदेश में प्रदेश कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे अभियानों से आहत हैं। राज्य में कांग्रेस पार्टी दलित गौरव यात्रा निकाल रही है तो कांग्रेस के नेता मायावती से तालमेल के बारे में बात भी कर रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के लिए उसकी मांगी सीटें नहीं छोड़ीं तो अखिलेश यादव ने कहना शुरू कर दिया कि अगर राज्यों में गठबंधन नहीं हो सकता है तो राष्ट्रीय स्तर पर कैसे गठबंधन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का रवैया यही रहा तो उस पर कौन भरोसा करेगा। हालांकि बाद में वे मान गए और विवाद खत्म किया। लेकिन इस बीच कांग्रेस और सपा नेताओं की ओर से भारी कटुता वाले बयान दिए गए थे। तभी यह कहा जाने लगा था कि विपक्षी गठबंधन बिखरने वाला है। लेकिन असल में ऐसा नहीं है। हर गठबंधन में पार्टियां बेहतर मोलभाव के लिए दबाव बनाती हैं और अंत में अपना हित देखते हुए समझौता करती हैं। 'इंडिया' के भीतर भी आखिरी समय तक यह खींचतान चलती रहेगी।

**-अजीत द्विवेदी-**

## भाजपा अनमनी,कांग्रेस जिंदा

यह विधानसभा चुनाव 2023 की हकीकत और खूबी है। भाजपा में शिवराजसिंह अनमने है तो वसुंधरा राजे व रमनसिंह भी है। इनके साथ प्रादेशिक नेता भी अनमने माने जा सकते है। ठिक विपरित कमलनाथ, अशोक गहलोत व भूपेश बघेल के चेहरों को देख कर कोई नहीं कहेगा कि वे चुनाव में बूझे मन से है। निश्चित ही नरेंद्र मोदी और अमित शाह सतह के नीचे चुनावी जादू-मंतर बुनते-गुनते हुए होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्वास है किविधानसभा चुनावों में उनका जादू चलेगा। आखिर मोदी के मन में हिंदी प्रदेश है तो एमपी, राजस्थान और छतीसगढ़ के मन में भी मोदी! उनकीएक ऊंगली में चुनाव जीतने का सुदर्शन चक्र है और अमित शाह शाह उनके चुनावी रथ के एकलौते सारथी! तभी पार्टी का, प्रदेश नेताओं, संगठन व कार्यकर्ताओं का क्या अर्थ? सभी अनमने, बुझे मन से बस चुनाव लड़ते हुए। चुनाव लड़ने के मानों औपचारिक चेहरे।

मध्यप्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विजयरथ घूमने शुरू हो गए है। इन पर नारा लिखा है- मोदी के मन में बसता है एमपी और एमपी के मन में मोदी। साथ ही प्रधानमंत्री की मध्यप्रदेश के लोगों के नाम पर लिखी चिट्ठी भी बंट रही है। फोटो, पोस्टर सबमें नरेंद्र मोदी का चेहरा सबसे बड़ा और केंद्र में। उनके अगल-बगल में डाकटिकट जैसे आठ चेहरें। जैसे शिवराजसिंह चौहान, कैलाश विजयवर्गीय, नरेंद्रसिंह तोमर, ज्योतिरादित्य, प्रहलाद्ध पटेल आदि। उम्मीदवार दिल्ली से, नारे दिल्ली से और सारा कैंपेन दिल्ली में डिजाईन। शिवराजसिंह चौहान यों भाषण दे रहे है, घूम रहे है पर वे भी यह जतलाते हुए है कि वे भी मोदीजी के मन में शायद बसे हुए है। जानकारों की फीडबैक के अनुसार तमाम मंत्री, पुराने नेता अपने चुनावी पोस्टरों में केवल नरेंद्र मोदी का फोटो छपवा रहे है। अधिकांश उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के साथ अपने चेहरे चिपका कर चुनावी पोस्टर बनाए तो आश्चर्य नहीं होगा।

इसके ठिक विपरित कांग्रेस में स्थिति है। मध्यप्रदेश में हर किसी से यह फीडबैक है कि कमलनाथ व दिग्विजयसिंह की बनवाई उम्मीदवार लिस्ट भाजपा के मुकाबले ज्यादा दमदार है। भाजपा के तमाम दिग्गजों का पसीना बहेगा। कमलनाथ ने टिकटार्थियों की प्रतिस्पर्धा के बीच सबको पहले से समझाया हुआ था कि जनता के बीच लोकप्रियता की कसौटी के सर्वे अनुसार ही टिकट होगा। न टिकट ऊपर से थौपे जाएगें और न पैसे के लेन-देन में टिकट बिकेंगे। कमलनाथ ने लगातार सर्वे करवा कर, विधानसभा क्षेत्रों के दांवेदारों से पारदर्शिता रख कांग्रेस में जो व्यवस्था बनाई उसमें मेरा मानना है कि प्रदेश में कांग्रेस न केवल जिंदा है बल्कि वह चुनाव अधिक जीवतंता से लड़ते हुए है। दो प्रदेशों में यह साफ दिख रहा है कि कांग्रेस ने जो चेहरे तय किए है उससे पार्टीजनों में विश्वास बना है।भूपेश बघेल और कमलनाथ दोनों ने अपने चेहरे और वचनपत्र (याकि घोषणापत्र) के जरिए लोगों का वह भरोसा, वह विश्वास बनाया है कि वे खुद, प्रदेश संगठन और कार्यकर्ता एकजुटता से चुनाव लड़ने में अपने आपको झौके रहेंगे।

ऐसा भाजपा में नहीं है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छतीसगढ तीनों राज्यों में कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व की पारदर्शी, बेबाक एप्रोच से बेहतर बनती लग रही है। राजस्थान में जरूर दिक्कत है लेकिन पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी ने केंद्रीय स्तर पर जैसी कवायद कराई है वह कांग्रेस के सुधरने, बेहतर होने का संकेत है।

कोई न माने इस बात को, लेकिन मैं यह सुनकर हैरान हूं कि प्रदेश स्तर पर, भाजपा के संगठन व संघ प्रभारियों के टिकटार्थियों के साथ व्यवहार में, केंद्रीय पदाधिकारियों के नामों को ले कर दुरूपयोग से झासेबाजी, लेन-देन और अव्यवस्था क्या गजब है! मैं यह सोच हैरान हूं कि सिर्फ दस वर्षो के ही सत्ता अनुभव में भाजपा-संघ का कैसा पतन हुआ जबकि कांग्रेस आज भी जिंदा है अपने पुराने ढर्रे और लोकलाज वाले व्यवहार में। शायद तभी कांग्रेस आईसीयू के बावजूद जिंदा है और वह कार्यकर्ताओं-नेताओं की अंदरूनी खींचतान, जीवंत राजनीति, अलग-अलग दबाव गुटों, धड़ों के चैल-बैलेंस वाला वह लोकतंत्र लिए हुए है जो मनमोहन सरकार के वक्त था तो राजीव गांधी व इंदिरा गांधी के वक्त भी था।

**-हरिशंकर व्यास-**

# आखिरकार अपने ज्यादातर समर्थकों को भाजपा का टिकट दिलाने में सफल रहीं वसुंधरा राजे



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान




राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभी तक दो सूचियों में 124 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। भाजपा की पहली सूची में 41 व दूसरी सूची में 83 नाम घोषित किए गए हैं। पहली सूची में जहां भाजपा ने कर्नाटक फार्मूला अपनाते हुए कई दिग्गजों के टिकट काट दिए थे। वैसा कुछ दूसरी सूची में देखने को नहीं मिला। पहली सूची में भाजपा ने छह लोकसभा सदस्य, एक राज्यसभा सदस्य व दो पूर्व सांसदों को भी मैदान में उतारा था। मगर दूसरी सूची में किसी भी सांसद को प्रत्याशी नहीं बनाया गया।

राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा है कि भाजपा की पहली सूची जारी होने के साथ ही शुरू हुआ विवाद अभी तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी सूची में शामिल बहुत से प्रत्याशियों का भी विरोध हो रहा है। पहली सूची में तो जालौर से सांसद देवजी पटेल को सांचैर से प्रत्याशी बनाने का इतना अधिक विरोध हुआ की स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। देवजी पटेल की गाड़ी को रास्ते में रोक कर उनके साथ मारपीट तक करने का प्रयास किया गया था। वहां पर पिछली बार दानाराम चौधरी चुनाव में हार गये थे। इस बार जीवाराम चौधरी दावेदारी जता रहे थे। देवजी पटेल को प्रत्याशी बनाने से दोनों नेता मिलकर विरोध कर रहे हैं।

जयपुर के विद्याधर नगर सीट से मौजूदा विधायक नरपत सिंह राजवी का टिकट काट कर राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को दिया गया था। उसके बाद से राजवी के समर्थक दीया कुमारी का विरोध कर रहे थे। मगर दूसरी सूची में राजवी को चित्तौड़गढ़ से प्रत्याशी बनाकर उनका विरोध शांत कर दिया गया है। मगर चित्तौड़गढ़ से दो बार के मौजूदा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या अपनी टिकट कटने से इतने अधिक नाराज हैं कि आने वाले समय में वह निर्दलीय भी ताल ठोक सकते हैं। आक्या का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी से मेरी पुराने समय से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। जिस कारण जोशी ने मेरी टिकट काटी है।

राजसमंद से विधायक दीप्ती माहेश्वरी का भी जमकर विरोध हो रहा है। दीप्ती माहेश्वरी अपनी माता किरण माहेश्वरी के निधन के बाद हुए उपचुनाव में जीत कर विधायक बनी थीं। अब पार्टी ने उन्हें दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है तो स्थानीय लोग उनके खिलाफ मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। वहां के अन्य दावेदारों का कहना है कि बाहरी प्रत्याशी को कब तक सहेंगे। असम का राज्यपाल बनाए जाने से खाली हुई उदयपुर शहर विधानसभा सीट पर पार्टी ने पूर्व जिला अध्यक्ष ताराचन्द जैन को प्रत्याशी बनाया है। वहां से टिकट के दावेदारी कर रहे उदयपुर नगर निगम के उप महापौर पारस सिंघवी ने मोर्चा खोल दिया है। सिंघवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की तरफ से उदयपुर में ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया है जो सनातन विरोधी हैं और पूजा पद्धति में विश्वास नहीं रखता है। सिंघवी का कहना है कि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने मेरी टिकट कटवा कर जैन को प्रत्याशी बनवाया है।जयपुर की झोटवाड़ा सीट पर पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत का टिकट काटकर पूर्व केंद्रीय मंत्री व जयपुर ग्रामीण सीट से दूसरी बार के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को मैदान में उतारा गया है। इस सीट पर भी राज्यवर्धन राठौड़ को राजपाल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा द्वारा घोषित 124 प्रत्याशियों में से तीन दर्जन प्रत्याशियों को अपने प्रतिद्वंद्वियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कई सीटों पर तो स्थिति इतनी खराब हो रही है कि पार्टी पदाधिकारियों की भी कोई नहीं सुन रहा है।

विधानसभा चुनाव में टिकटों की घोषणा से पूर्व भाजपा द्वारा बार-बार सामूहिक नेतृत्व व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कही जा रही थी। भाजपा आलाकमान बार-बार इस बात का संकेत भी दे रहा था कि राजस्थान में पुराने नेताओं के स्थान पर नए लोगों को मौका दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार हाशिये पर धकेली जा रही थीं। सभी राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना था कि इस बार के चुनाव में भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को तवज्जो नहीं देगा।

मगर पहली सूची जारी होने के बाद मचे बवाल को शांत करने के लिए दूसरी सूची में वसुंधरा राजे व उनके करीबन दो दर्जन समर्थकों को टिकट दिया गया है। वसुंधरा राजे को भी उनकी परंपरागत झालरापाटन सीट से ही पांचवीं बार प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की दूसरी सूची को देख कर लगता है कि भाजपा आलाकमान ने अपने रुख में बदलाव कर लिया है। भाजपा ने दूसरी सूची में 51 मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है। इसके साथ ही इस सूची में 27 सीटें ऐसी हैं जिन पर 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा हार गई थी। 16 सीटों पर प्रत्याशी बदले गए हैं।

भाजपा ने दूसरी सूची में आठ विधायकों के टिकट काटे हैं। इसमें सूरसागर से सूर्यकांता व्यास, सांगानेर से अशोक लाहोटी, चित्तौड़गढ़ से चंद्रभान सिंह आक्या, सूरजगढ़ से सुभाष पूनिया, नागौर से मोहन राम चौधरी, मकराना से रूपाराम, बड़ी सादड़ी से ललित कुमार ओस्तवाल, व घाटोल से हरेंद्र नीनामा शामिल हैं। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की सीट बदल कर उन्हें चूरू की बजाय तारानगर से टिकट दी गई है। वे पहले भी तारानगर से चुनाव लड़ कर जीत चुके हैं। कुछ दिन पहले ही भाजपा में शामिल हुए उदयपुर राजघराने के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ को नाथद्वारा से टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से होगा। दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती व नागौर से कांग्रेस सांसद रही डॉ. ज्योति मिर्धा को नागौर सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।

भाजपा की अभी तक जारी की गई सूची को देखकर लगता है कि सबसे अधिक टिकट वसुंधरा समर्थकों को दी गई है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोडीलाल मीणा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के समर्थकों को भी प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा प्रत्याशियों की सूची पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छाप भी दिखाई दे रही है। संघ से जुड़े कई लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है।

भाजपा की सूची को देखकर लगता है कि भाजपा आलाकमान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को प्रदेश की राजनीति से दूर करने के प्रयास सफल नहीं हो पाए हैं। वसुंधरा राजे राजस्थान में भाजपा की मजबूरी बन गई हैं। वसुंधरा समर्थक उन विधायकों के नाम भी सूची में शामिल हो गए हैं जिन पर गहलोत सरकार पर आये संकट के दौरान पार्टी लाइन से अलग रहने के आरोप लगे थे। हाड़ौती, मेवाड़ क्षेत्र में वसुंधरा राजे ने अपने ज्यादातर समर्थकों के टिकट क्लियर करवा कर भाजपा आलाकमान को झुका कर यह दिखा दिया है कि राजस्थान में वसुंधरा है तो भाजपा है। वसुंधरा के बिना राजस्थान में भाजपा की सरकार बनना मुश्किल ही नहीं असंभव है।

# वह फीनिक्स तो नहीं

ठंड बढ़ने के साथ ही चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गई है । प्रत्याशियों की घोषणा हो रही है । नामांकन भरे जा रहे हैं । भोपाल में कांग्रेस की टिकट के लिए सलमान बनकर प्रदर्शन किए गए । जिस राजनीतिक दल में टिकट के लिए जितनी मारामारी होती है वही दल हमें बढ़त लिए हुए दिखता है । वैसे ज्यादातर सर्वे में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की बढ़त बताई भी जा रही है । यही कारण है कि अखिलेश जी को अखिलेश वखिलेश सुनना पड़ा । इसके जवाब में उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष को चिरकुट नेता बताकर हिसाब बराबर कर दिया । इस मामले में अखिलेश जी की नाराजगी वाजिब लगती है । समाजवादी पार्टी केवल एक राज्य में शेर है परंतु वहां भी सवा शेर मौजूद है । वहीं कांग्रेस कुछ गिने चुने राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए शेर है परंतु इन राज्यों में भी वह लोकसभा चुनाव में ढेर हो जाती है । कांग्रेस फीनिक्स पक्षी भी नहीं है । समाजवादी पार्टी की जो हैसियत मध्यप्रदेश में है वही हैसियत कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में है । दोनों मेले में बिछड़े भाई नजर आते हैं । उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास एक लोकसभा सीट और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पास एक विधानसभा सीट है फिर भी इन दलों के नेताओं के दंभ में कोई कमी नहीं है । इन नेताओं का यही रवैया कायम रहा तो 2024 के आम चुनाव में इंडिया गठबंधन की हार तय है । राजधानी भोपाल में कांग्रेस की टिकट चाहने वालों ने शर्ट उतारकर प्रदर्शन किए । इधर कांग्रेस के दो बड़े नेता एक दूसरे के कपड़े उतारने को आतुर दिखे । कांग्रेस ने बढ़-चढ़कर फीबिस की



घोषणा की है । वहीं भाजपा भी पीछे नहीं है । रेवड़ी सत्ता प्राप्ति का प्रमुख साधन बन गया है। सभी राजनीतिक दल जनता के पैसे को जनता में लुटाकर दानवीर होना चाहते हैं । कांग्रेस ने असंतुष्टें को संतुष्ट करने के लिए विधान परिषद के गठन का वादा किया है । इस कदम से जो राजकोषीय घाटा होगा उसे कर्ज लेकर या टैक्स बढ़ाकर ही पूरा किया जा सकेगा ।

मालवा क्षेत्र हमेशा से भारतीय जनता पार्टी का गढ़ रहा है । छत्तीसगढ़ बनने के बाद 2018 के चुनाव को छोड़कर लगभग सभी चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है । बीच के एक वर्ष को छोड़कर लगभग बीस बरस से भाजपा मध्य प्रदेश में काबिज है और शिवराज सिंह जी अठारह वर्ष मुख्यमंत्री रहे हैं । वे पिछड़े वर्ग से भी आते हैं । जाति जनगणना की मांग के बरक्स मंडल 2.0 के दौर में भी उनका नाम कोई नहीं ले रहा है यह भी एक विडम्बना है । उन्हें दरकिनार किया जा रहा है । मजबूरन उन्हें अपने आप को फीनिक्स पक्षी बताना पड़ा जो राख का ढेर होने के बाद भी पुनः उत्पन्न हो जाता है । वे फीनिक्स है या नहीं यह आने वाला वक्त ही बताएगा । मध्य प्रदेश में कोई भी दल जीते उनका जाना तय लग रहा है । भाजपा ने मोदी जी का भावुक पत्र - एम पी के मन में मोदी जारी किया है जिसमें जनता से 2014 और 2019 की तरह 2023 में भी भरपूर समर्थन की गुजारिश की गई है । वे मतदाता को भावुक कर प्रायः लुभा लेते हैं हालांकि 2018 में वे मध्य प्रदेश की जनता को लुभा नहीं सके थे । बाद में एक नेता को लुभाकर सरकार बदली गई । जब तक नेताओं का लोभ कायम है तब तक लुभाकर सरकार बदलने की कवायद भी चलती रहेगी । इससे निजात पाना जरूरी है । यह लोकतंत्र की अवमानना है ।

**-राजशेखर चौबे-**

## घर हम अब छोड़ चुके हैं...

पर्व त्यौहार को भूल चुके हैं हासिल करने जीवन का लक्ष्य ।
अब घर हम छोड़ चुके हैं सफल बनाने जीवन का पथ ।।
बेसक किस्मत के धनी नही हैं पर मेहनत में कमी नहीं।
कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से दौड़ लगाने में कमी नहीं।।
बाबूजी का कठिन परिश्रम और उनके मेहनत का अंश ।
पाई पाई का रख रहा और झेल रहा सामाजिक बिसमता का दंश।।
याद मुझे वो मां का चूल्हा जिसमे पकती मुश्किल से दाल।
उस धुएं के अंदर घुटती और सफेद हो रहे मां के बाल।।
सफलता और संघर्ष कहानी कब लेगी एक सार्थक मोड़।
लगे पड़े हैं झेलने को अपने जीवन के हर मोड़ पर होड़।।
संघर्ष कहानी लिखते लिखते आंखों में आते अश्रु के बूंद।
क्या घिसना नियती बन बैठा खून पसीना वाली बूंद।।
जीवन के इस चौराहे खड़ा होकर कर रहा विचार।
भविष्य पड़ा अंधकार में बंद पड़े हैं चारो राह।।
फिर भी मन में दृढ़ संकल्प हासिल करना जरूर हीं लक्ष्य।
चाहे पथ में बाधा आए वेधना है वो सटीक लक्ष्य।।



कमलेश झा
भागलपुर
बिहार

## मया तोला करथव

तोर नांव के गोदना गोदाएवं
मोर मया के चिन्हारी बर
अब्बढ़ मया तोला करथवं
मया पिरित के फुलवारी बर
कभू मोर ले तैंय
गोठिया बतरा ले कर
भेंट मिले के बहाना
फुलवारी म आय कर
कमल फूल कस हमर मया
फुलत रहय मया के तरिया म
रद्दा बाट जोहत रहिहूं
आमा बगीचा के बगिया म!!



सोनु नेताम
माया
रुद्री नवागांव
धमतरी

## लोग क्या कहेंगे?

निम्न वर्ग के व्यक्ति को
निज आबरू का
बहुत ख्याल होता है
कुछ भी कृत्य करने से पहले
उर में यह सवाल होता है
कि लोग क्या कहेंगे?
अपकर्म करने से
सम्मान घट जाएगी
बिरादरी में मान घट जाएगी
किंतु एक धनिक व्यक्ति
घोटाला गबन रिश्वतखोरी
चापलूसी कर्जा लेते बोरी-बोरी
यह करते समय
एक बार भी नही सोंचता
वो जानते हैं लोगों का काम है
कहना हँसना बोलना
वो आपके तेरहवीं पर भी
कहेंगे हँसेंगे बोलेंगे
सब्जी लजीज जायकेदार नही है
खीर में मिसरी की कमी है
बड़ा-पूड़ी को भी गरम लाना
नही तो इधर मत आना।।



चन्द्रकांत खुंटे
क्रांति
जांजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

## तुम्हीं रखो

सब क्रोध और
सारा संताप तुम्हीं रखो
अपने हिस्से का
सारा ताप तुम्हीं रखो
हम अपने कर्म
प्रभु चरणों में धर देंगे
और अपने सारे
पुण्य-पाप तुम्हीं रखो
प्रायश्चित सारे हमने माथे ओढ़े
मलिन जगत बिन
पश्चाताप तुम्हीं रखो
हम मौन के संवादों की शक्ति देखेंगे
भूल सकल तप वार्तालाप तुम्हीं रखो
नाम जाप की शीतलता हमने रखी
अपने ये माया उत्ताप तुम्हीं रखो
भगवदाश्रित हैं गीत सभी मेरे हिय के
नाना प्रमाद के मनस्ताप तुम्हीं रखो



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी
(काशी)
उत्तरप्रदेश

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# क्या सीतापुर विधानसभा में मंत्री के सामने चुनाव आयोग हो गया है नतमस्तक?

» क्या मंत्री जी इतना कमा लिए पैसा की वोटरों को रिझाने के लिए दे रहे उपहार?

» वोटरों को रिझाने के लिए बांट रहे मंत्री जी साड़ी,फ्लाइंग स्वायड ने जब्त किया सामान

» छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले की सीतापुर विधानसभा में कांटे का मुकाबला देखा जा रहा है,लिहाजा वोटरों को रिझाने के लिए साड़ी कंबल और अन्य सामग्री बांटने की चर्चा है





-विशेष संवाददाता-
अंबिकापुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के सीतापुर विधानसभा में चार बार के विधायक कहलाने वाले साथ ही मंत्री अमरजीत भगत इतना पैसा कमा लिए हैं कि अब वह चुनाव अपनी उपलब्धियों के साथ नहीं मतदाताओं को साड़ी पैसा व सामान बांटकर जीतेंगे ऐसा लगता है? लगातार उनके विधानसभा में उनके खिलाफ चुनाव आयोग को शिकायत जा रही है पर चुनाव आयोग भी कार्यवाही करने से कतरा रहा है क्या चुनाव आयोग भी मंत्री जी के सामने नतमस्तक है या फिर डरा हुआ है यह सवाल खड़ा हो रहा है? चुनाव आयोग को कई फोटो व वीडियो भेजी गई है फिर भी कार्यवाही जैसी होनी चाहिए वैसी नहीं हो रही यहां पर चुनाव आयोग भी इस विधानसभा में कहीं न कहीं खुद को कमजोर साबित कर रहा है,मंत्री जी के सामने मजबूर नजर आ रहा है जैसा देखा और बताया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले की सीतापुर विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी अमरजीत भगत और भारतीय सेना से इस्तीफा देकर आए भाजपा प्रत्याशी रामकुमार टोप्पो के बीच कांटे का मुकाबला देखा जा रहा है. लिहाजा वोटरों को रिझाने के लिए सीतापुर विधानसभा में साड़ी कंबल और अन्य प्रलोभन की सामग्री बांटने की चर्चा अब आम हो चुकी है. इसी बीच सोशल मीडिया में साड़ी बांटने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है. जो सीतापुर विधानसभा के नर्मदापुर के खालपारा का बताया जा रहा है. इस वीडियो को भाजपा प्रत्याशी ने अपने वाट्सएप ग्रुप में डाला है. इसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन बताया जा रहा है. जबकि देखा जाए तो इसको लेकर चुनाव आयोग को ध्यान देना चाहिए और कार्यवाही करना चाहिए जिसमे वह पीछे नजर आ रही है क्योंकि मामला वर्तमान मंत्री से जुड़ा हुआ है और कहीं न कहीं चुनाव आयोग भी दबाव में है जो आरोप भी लग रहा है।

## प्रत्यक्षदर्शी का बयान

मनोज यादव ने कहा कि कल नर्मदापुर, खालपारा में साड़ी मिला है. मंत्री के कार्यकर्ता लोग बंटवा रहे थे, उड़नदस्ता दल ने 30 नग साड़ी जब्त किया है. उड़नदस्ता टीम के आते तक साड़ी लेकर आने वाले लोग भाग गए थे. वहीं मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने कहा कि हमने नहीं पकड़ा है. निर्वाचन की फ्लाईग स्क्वायड की टीम ने पकड़ा है. उन्हें 29 नग साड़ी लावारिस हालत में पड़ी मिली है. जिसे उन्होंने हमारे पास जमा कराया है. साड़ी किसकी है का सवाल करने पर थाना प्रभारी ने कहा कि मौके पर फ्लाईग स्क्वायड की टीम को जानकारी मिली. मुझे पता नहीं है.

## सी-विजिल एप्प से मिली सूचना

निर्वाचन आयोग के फ्लाइंग स्वायड प्रभारी संजय यादव ने बताया कि हमें सी-विजिल एप के माध्यम से सूचना मिली थी. तो मौके पर गए. जब वहां पहुंचे तो लोगों की भीड़ थी. साथ ही मौके पर साड़ियां पड़ी थी. उसे जब्त कर आस पास पूछताछ की, लेकिन साड़ियां किसकी है. इस संबंध में पता नहीं चला है.

## क्षेत्रीय विधायक ने कहा

इस संबंध में सीतापुर के क्षेत्रीय विधायक व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि भाजपाइयों को बीमारी हो गया है कि कुछ भी होगा तो उसको कांग्रेसी ही करवा रहे है. साड़ी वाले मामले से हमारा कोई लेना देना नहीं है.

# कुलपति ने विश्वविद्यालय स्तरीय अमृत कलश यात्रा दौरान दिलाई पंचप्रण की शपथ

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के पंडित दीन दयाल उपाध्याय सभागार में भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय स्तरीय अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह, विशिष्ठ अतिथि कुलसचिव बिनोद कुमार एक्का रहे। इस दौरान सरगुजा संभाग के सभी जिलों में एकत्रित अमृत कलश को लेकर जिला संगठक कार्यक्रम अधिकारी एवं चयनित स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय ने आजादी के अमृत महोत्सव अतंर्गत आयोजित मेरी माटी मेरा देश के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया भारत के प्रत्येक गांव से एकत्रित मिट्टी व चावल जिला संगठकों द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति को सौंपा गया है। संभाग के सभी जिले से एकत्रित मिट्टी व चावल को कलश में संजोकर राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। इसके बाद दिल्ली के शहीद स्मारक के समीप आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर 7500 अमृत कलश में मिट्टी व चावल एकत्रित कर अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। कुलपति प्रो.अशोक सिंह ने पंचप्रण की शपथ दिलाते हुए कहा एनएसएस का कार्यक्रम समाज एवं देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाना, एकता बनाए रखना, अपने विरासत पर गर्व करना, वसुधा का संरक्षण, गुलामी की मानसिकता से दूर करना और देश को एक भारत और श्रेष्ठ भारत के रूप में बांधना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा एक दूसरे की भावनाओं का स मान व सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए देश की एकता व अखंडता को मजबूत बनाए रखना हम सबकी जि मेदारी है। समाज के विकास में एनएसएस की भूमिका को पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला संगठक कोरिया प्रो. एमसी हिमधर, जशपुर से प्रो. विनायक साय के अलावा कार्यक्रम अधिकारियों में देवेन्द्र दास सोनवानी, राजीव कुमार, धर्मेन्द्रश्रीवास्तव, रीता सिंह, शशिकला सनमानी, वरिष्ठ स्वयं सेवकों में सुमन मिंज, संगीता,तनु प्रिया,अमन गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठक खेमकरण अहिरवार ने किया।

# आपातकालीन सेवाओं में लगे कर्मचारी न करें किसी प्रकार की लापरवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी सुनील शर्मा ने आपातकालीन सेवा डायल 112 के अधिकारी-कर्मचारियों की मीटिंग ली। इस दौरान डायल 112 के नोडल अधिकारी एएसपी पुपलेश कुमार भी उपस्थित रहे।

एसपी ने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में ड्यूटी में पदस्थ कर्मचारी अपने जिम्मेदारी अच्छे से निर्वहन करें। ड्यूटी में तैनात रहने के दौरान महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रकरणों में तत्काल सुविधा मुहैया उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने डायल 112 की सेवा में तैनात जवानों से बात कर ड्यूटी के दौरान आने वाली परेशानियों से रू-ब-रू होकर समस्याओं का तत्काल निराकरण कराने की बात कही। जवानों को अपनी ड्यूटी सतर्कता पूर्वक करने एवं विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आवंछिक गतिविधियों पर नजर रखकर कण्ट्रोल रूम के जरिये सूचनाओं को समय पर प्रदान करने के निर्देश दिए गए। आपातकालीन सेवाओं में लगे पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि अगर किसी भी घटना की जानकारी मिलती है तो संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें और घटनास्थल पर पहुंचकर उचित सहायता उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान निरीक्षक कैलाश मिर्रे, रीडर सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक संजीव त्रिपाठी सहित जिले के समस्त ईआरवी में तैनात पुलिस जवान एवं वाहन चालक उपस्थिति रहे।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन रैली मे होगे शामिल

### रंगमंच मैदान मे होगी विशाल आमसभा

- संवाददाता -
सूरजपुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद जिले के तीनों भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन रैली व आमसभा मे शामिल होगें। सूरजपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमशः प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी, भटगांव लक्ष्मी राजवाड़े, व प्रतापपुर शकुंतला पोर्ते भाजपा प्रत्याशी के रूप मे नामांकन करेंगी। आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद नामांकन रैली में शामिल होंगे तथा भाजपा द्वारा आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। आमसभा का आयोजन रंगमंच मैदान मे सुबह 10बजे से होगा

# युवक ने देशी कट्टा लेकर लोगों को डराया-धमकाया,आरोपी युवक हुआ गिरफ्तार

- संवाददाता -
लखनपुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।



लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 अक्टूबर दिन बुधवार की देर शाम लखनपुर दशहरा मेले में एक युवक लोहे का देशी कट्टा लेकर लोगों को डरा-धमका रहा था सूचना मिलने उपरांत लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और देशी कट्टा जप्त कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर 26 अक्टूबर दिन गुरुवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखनपुर में दशहरा त्यौहार में ड्यूटी में तनात पुलिस कर्मियों को मुखबिर से सूचना मिली कि मेले में एक युवक देशी कट्टा लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है सूचना उपरांत लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त व्यक्ति के हाथ से लोहे का देसी कट्टा को कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में लिया। नाम पूछने पर अपना नाम संजय पैकरा पिता गंनशू पैकरा उम्र 22 वर्ष ग्राम कोरजा खाल पारा थाना लखनपुर निवासी होना बताया जिसे धारा 91 सीआरपीसी का नोटिस देकर उक्त कट्टा का लाइसेंस मांग किया गया जो नहीं होना बताया अवैध देशी कट्टा होने के मुताबिक जपती पत्रक के जप्त कर कब्जा में पुलिस द्वारा लिया गया मौके पर ग्वाहों के समक्ष गिरफ्तार कर 26 अक्टूबर दिन गुरुवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है इस पूरी कार्रवाई में लखनपुर थाना प्रभारी एल आर चौहान, सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक नरेंद्र जांगड़े, आरक्षक देवेंद्र सिंह जानकी प्रसाद सहित अन्य आरक्षक सक्रिय रहे।

# पार्षद पति पर उत्तर प्रदेश में लगा गैंगस्टर एक्ट,यूपी पुलिस पहुंची सरगुजा,घर के सामने चश्पा किया नोटिस



- संवाददाता -
लखनपुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सरगुजा जिले के लखनपुर के वार्ड पार्षद पति पर उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर एक्ट को लेकर कुर्की के संबंध में माननीय न्यायालय के आदेश क्रमांक 82 की सूचना के तहत घर के सामने नोटिस चश्मा किया गया है।शेषनाथ पाल प्रभारी थाना अनपरा जिला सोनभद्र यूपी पुलीस ने जानकारी देते हुए बताया कि राज नारायण जायसवाल पिता स्वर्गीय गजाधर प्रसाद वार्ड क्रमांक 14 निवासी लखनपुर तथा साथी मिथुन मुंडा पिता उचित राम मुंडा कोसंगा चार पारा निवासी पर यूपी पुलिस के द्वारा गैंगस्टर एक्ट को लेकर माननीय न्यायालय के आदेश क्रमांक धारा 82 के तहत घर के सामने कुर्की को लेकर नोटिस चश्पा किया गया है नोटिस में उल्लेखनीय है कि 20 नवंबर को न्यायालय के समक्ष उक्त आरोपियों को हाजिर होना है।

# जंगलों में कटाई कर झाला बनाकर किया जा रहा कब्जा वन विभाग बेखबर

- मनोज कुमार -
लखनपुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।






सरगुजा जिले के वन भूमियों में लगातार ग्रामीणों के द्वारा अवैध कटाई कर कब्जा करने का खेल बदहस्तूर जारी है कुछ ऐसा ही मामला उदयपुर वन परीक्षेत्र के ग्राम मानपुर वनखंड लिपिगी के कक्ष क्रमांक 2035 में देखने को मिला जहां ग्रामीणों के द्वारा सैकड़ो पेड़ पौधों की कटाई कर झाला बनाकर कब्जा किया जा रहा है। इतने बड़े पैमाने पर हो रहे कब्जे को लेकर वन विभाग आंखें मूंदे हुई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक लगभग 2 वर्ष पूर्व कोरोना कल के समय से गांव के ही कुछ ग्रामीणों के द्वारा लगभग 10 एकड़ से अधिक वन भूमि में पेड़ पौधों की अवैध कटाई करते हुए लकड़ी का झाला बनाकर कब्जा किया जा रहा है वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा कई बार इसकी सूचना उदयपुर वन विभाग को दी गई परंतु वन विभाग के द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

*इस संबंध में उदयपुर वन क्षेत्र अधिकारी गजेंद्र दोहरे से चर्चा करने पर उनके द्वारा कहा गया कि मौका जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। अब देखना होगा कि अधिकारियों के द्वारा कब्जा धारी के खिलाफ किस प्रकार की कार्यवाही की जाती है या फिर जंगलों की कटाई कर कब्जे का खेल बदस्तूर जारी रहेगा।*

रेंजर गजेंद्र दोहरे

# कांग्रेस प्रत्याशी अजय-विजय के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

» कांग्रेस प्रत्याशी अजय,विजय के नामांकन दाखिले में उमड़ा जनसैलाब

» कुमारी शैलजा,चन्दन यादव व टीएस सिंह देव हुए शामिल









- संवाददाता -
बलरामपुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।

कांग्रेस के रामानुजगंज विधानसभा प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की एवं सामरी विधानसभा प्रत्याशी विजय पैकरा ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। भारी जनसैलाब के बीच दोनों प्रत्याशियों ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा, सह प्रभारी चंदन यादव, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी की उपस्थिति में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रशासन ने भारी भीड़ को देखते हुए व्यापक स्तर में तैयारी की गई थी, मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बघेल एवं बाबा की सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए ऐतिहासिक कार्य किया है। पहले भी किसानों का कर्ज माफ किया था फिर से किसानों का कर्ज माफ करेंगे।साथ ही जातिगत जनगणना कराया जाएगा एवं समाज के सभी वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि पिछले बार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए जय-वीरू की जोड़ी ने कार्य किया। अबकी बार बाबा-काका की जोड़ी कार्य कर रही है उसी प्रकार सामरी एवं रामानुजगंज विधानसभा में अजय-विजय की जोड़ी कार्य करेगी। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने में उमड़ी भीड़ को संभालने एडिशनल एसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सौ से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें तीन डीएसपी एवं आठ थाना प्रभारी सम्मिलित थे।

## शक्ति प्रदर्शन के साथ किया नामांकन पत्र दाखिल

रामानुजगंज एवं सामरी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ने शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीड़ के कारण जिला पंचायत कार्यालय से होकर दो चक्का एवं चार चक्का वाहनों को निकाला जा रहा था। जो जिला पंचायत कार्यालय के गेट से घुसकर आरईएस कार्यालय के सामने वाले गेट से निकल रहे थे।

भाजपा प्रत्याशी रामविचार नेताम ने शुभ मुहूर्त देखते हुए आज नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं 30 अक्टूबर को शक्ति प्रदर्शन के साथ रामविचार नेताम नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

# केफर अजा के दर्जनों निवासियों ने रैली निकाली और बंधकों की वापसी की मांग की

**तेल अवीव,26 अक्टूबर 2023 ।** दक्षिणी इज़राइल पर 7 अक्टूबर को हमास के हमलों से सबसे अधिक क्षतिग्रस्त हुए क्षेत्रों में से एक, कफ़र अज़ा के दर्जनों लोग गुरुवार को तेल अवीव में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, द टाइम्स ने इज़राइल के बारे में रिपोर्ट दी है।

हमास ने किबुत्ज़ के कई निवासियों को मार डाला और कई लोगों का अपहरण कर लिया।

द टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय लोगों की मांग है कि सरकार इस संबंध में बैनर और नारे लगाते हुए प्रदर्शन करके बंधकों को मुक्त कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए।

साइन पर लिखा था, हमारे दिल गाजा में कैद हैं। कई अन्य लोगों ने भी विरोध प्रदर्शन करते हुए अपने प्रियजनों की तस्वीरें लीं।

इससे पहले आज, इज़राइल रक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने उत्तरी खान यूनिस में हमास के रॉकेट परिसर के प्रमुख हसन अल-अब्दुल्ला पर हमला किया और उसे मार डाला। द टाइम्स ऑफ इज़राइल के अनुसार, इजरायली बलों ने कहा कि शिन बेट सुरक्षा एजेंसी और सैन्य खुफिया निदेशालय द्वारा एकत्र की गई अल-अब्दुल्ला के ठिकाने के बारे में खुफिया जानकारी के बाद हवाई हमला किया गया था।

आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हाल के कुछ हवाई हमलों को दिखाते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया उन्होंने हमास के उत्तरी खान यूनिस रॉकेट ग्रुप, हसन के कमांडर को मार गिराया। अल-अब्दुल्ला।

इसके अतिरिक्त, द टाइम्स ऑफ इज़राइल के अनुसार, आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना ने अब तक 224 बंधकों के परिवारों को सूचित किया है कि उनके प्रियजनों को गाजा पट्टी में हिरासत में लिया गया है।

उनका कहना है कि यह आंकड़ा अंतिम नहीं है क्योंकि सेना नई जानकारी की जांच जारी रखे हुए है।

इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को गाजा निवासियों से उनके क्षेत्र में रखे गए बंधकों के बारे में मूल्यवान और सत्यापित जानकारी साझा करने को कहा।

इजरायली सेना ने गाजा निवासियों से कहा, अगर आपकी इच्छा शांति से रहने और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य की है, तो तुरंत मानवीय कार्रवाई करें और अपने क्षेत्र में बंधक बनाए गए बंधकों के बारे में सत्यापित और मूल्यवान जानकारी साझा करें।



इजरायली सेना ने 'एक्स' में लिखा, इजरायली सेना आपको आश्वासन देती है कि वह आपको और आपके घर को सुरक्षा प्रदान करने में अधिकतम प्रयास करेगी और आपको वित्तीय इनाम मिलेगा। हम आपको पूरी गोपनीयता की गारंटी देते हैं।

आईडीएफ ने कहा, संपर्क विवरण हैं- सुरक्षित फोन कॉल- *8619; व्हाट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल- +972503957992।

आईडीएफ ने शनिवार को यह भी कहा कि गाजा के नागरिकों और अस्पतालों को बिजली उत्पादन के लिए ईंधन की आवश्यकता है। हमास के पास वह ईंधन है।

आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने लिखा- हमास अस्पतालों, बेकरियों और नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति करने में असमर्थता का दावा करता रहता है। वे नागरिकों से डीजल चुराते हैं और इसे अपनी सुरंगों, बमवर्षकों और कमांडरों को हस्तांतरित करते हैं।

इस बीच, सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में हमास द्वारा रिहा किए गए दो बंधकों में से एक, योचेवेद लिफ़शिट्ज़ ने कहा कि 7 अक्टूबर को इज़राइल पर हमले में आतंकवादी समूह द्वारा अपहरण किए जाने के बाद वह नरक से गुज़री।

85 वर्षीय महिला ने मंगलवार को उस पल को याद किया जब आतंकवादियों ने किबुत्ज़ निर ओज़ में उसके घर पर धावा बोलकर मोटरसाइकिलों पर सवार हथियारबंद लोगों द्वारा उसका अपहरण कर लिया था।

**लिफ़शिट्ज़ ने कहा:** यह कठिन था, लेकिन हम इससे पार पा लेंगे। उन्होंने ये बयान तेल अवीव अस्पताल में दिया जहां वह रिहा होने के बाद से स्वास्थ्य लाभ कर रही हैं।

हमास ने लिफ़शिट्ज़ और उसके पड़ोसी और दोस्त 79 वर्षीय नुरिट कूपर को सोमवार को रिहा कर दिया, और बाद में वे रिश्तेदारों से मिल गए जो तेल अवीव के इचिलोव अस्पताल में उसके बिस्तर पर पहुंचे।

दो महिलाओं की रिहाई से मुक्त बंदियों की कुल संख्या चार हो गई है, लेकिन माना जाता है कि 200 से अधिक बंधक गाजा में फंसे हुए हैं, जिनमें से कुछ तटीय पट्टी के नीचे खोदी गई हमास सुरंगों की भूलभुलैया के अंदर हैं।

शेष बंधकों में लिफ़शिट्ज़ और कूपर के पति, 83 वर्षीय ओडेड लिफ़शिट्ज़ और 85 वर्षीय अमीराम कूपर शामिल हैं।

## विधानसभा निर्वाचन में 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में होगी वेबकास्टिंग





**» विद्युत विभाग के अधिकारियों और टेलीकॉम आपरेटर्स की हुई बैठक**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार ने गुरुवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर वेबकास्टिंग की तैयारियों हेतु विद्युत विभाग तथा टेलीकॉम ऑपरेटर की बैठक ली। उन्होंने बताया कि जिले के लुण्ड्रा, अम्बिकापुर और सीतापुर विधानसभा क्षेत्र सहित भटगांव विधानसभा अंतर्गत आने वाले जिले में कुल 786 मतदान केंद्र हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पचास प्रतिशत मतदान केन्द्रों अर्थात जिले के 393 केन्द्रों में वेबकास्टिंग की जानी है। वेब कास्टिंग हेतु चयनित मतदान केन्द्रों में 41 क्रिटिकल तथा 352 नॉन क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं।

कलेक्टर कुंदन ने सभी सीएसईबी के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में विद्युत सम्बन्धी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें, दूरस्थ क्षेत्रों में पावर कट, लो वोल्टेज जैसी समस्या ना हो। मतदान केन्द्रों में यदि बिजली कटेगी तो वेबकास्टिंग में समस्या होगी, इससे बचने के लिए पहले ही सारी तैयारियां कर लें। मतदान केंद्र तथा पहुंच मार्ग पर फोकस करें, ट्रान्सफार्मर की जांच कर लें, त्योहार से पहले मेंटेनेंस कार्य पूर्ण कर लें। ग्रमीण क्षेत्रों में आने वाली समस्या के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने टेलिकॉम ऑपरेटरर्स को नेटवर्क सम्बन्धी समस्या से निपटने पूर्व तैयारी करने कहा तथा आवश्यकताओं के सम्बंध में जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि वेबकास्टिंग की सहायता से मतदान केन्द्रों पर गतिविधियों का सीधा प्रसारण किया जाता है जिसको जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी आदि के द्वारा संचालित वेबकास्टिंग कन्ट्रोल रूम पर लाईव देखा जा सकता है। इसमें वेब, आईपी कैमरे डिवाइस के द्वारा उपलब्ध नेटवर्क कनेक्टिविटी के माध्यम से लाईव वेबकास्टिंग का कार्य संपादित किया जाता है। ऐसे मतदान केन्द्र जो कि क्रिटीकल श्रेणी में आते है, उन मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से मतदान सम्पन्न करवाने हेतु वेबकास्टिंग द्वारा मतदान केन्द्र में चलने वाली गतिविधियों पर कन्ट्रोल रूम से निगरानी रखी जाती है। इस कार्य को सम्पादित करने हेतु चुने गए क्रिटीकल श्रेणी मतदान केन्द्र पर वेबकास्टिंग ऑफिसर को नियुक्त किया जाता है जो कि वेबकास्टिंग के सम्पूर्ण संचालन हेतु पूर्णतः जिम्मेदार होगा।

विधानसभा निर्वाचन 2023

## नाम निर्देशन के चौथे दिन 04 प्रत्याशियों ने जमा किया नामांकन

**» 06 प्रत्याशियों ने लिए नामांकन फॉर्म**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

नाम निर्देशन के चौथे दिन गुरुवार को नामांकन पत्र क्रय करने एवं जमा करने के कार्य में जहां विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-09 लुण्ड्रा से 01 प्रत्याशी ने आज नाम निर्देशन पत्र क्रय किया, वहीं 02 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पत्र क्रय करने में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 09 लुण्ड्रा हेतु प्रत्याशी बालसिंह आंडिल्य कम्युनिस्ट पार्टी इंडिया(मार्क्सवादी) शामिल रहे, वहीं विधानसभा क्षेत्र-09 लुण्ड्रा हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रत्याशी डॉ प्रीतम राम और निर्दलीय प्रत्याशी श्री इसीदोर तिर्की ने अपना नामांकन दाखिल किया।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-10 अंबिकापुर से 02 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र क्रय किए हैं, और 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। विधानसभा अम्बिकापुर हेतु नामांकन दाखिल करने में इंडियन नेशनल कांग्रेस से प्रत्याशी श्री टीएस सिंहदेव शामिल रहे। इस विधानसभा क्षेत्र हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजेश अग्रवाल एवं निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश गोस्वामी ने आज नामांकन पत्र क्रय किए।







विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-11 सीतापुर से 03 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र क्रय किया गया। वहीं आज 01 प्रत्याशी द्वारा सीतापुर विधानसभा क्षेत्र हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। जिसमें नामांकन दाखिल करने में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी श्री अमरजीत भगत शामिल रहे। इस विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र क्रय करने में बहुजन समाज पार्टी के प्रकाश कुमार किस्पोट्टा, निर्दलीय प्रत्याशी रामलाल करकेट्टा और श्री बसंत कुमार ने फॉर्म क्रय किए।

# जिले में आदर्श आचार संहिता लागू,सभी इंट्री एवं एक्जिट पॉइंट पर रखी जा रही निगरानी

**» कलेक्टर-एसपी ने काली घाट चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण, स्टेटिक सर्विलांस टीम तैनात**

**» निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने प्रशासन मुस्तैद, वाहनों की जांच सहित जप्ती की कार्रवाई जारी**

**» जारी रहेंगे औचक निरीक्षण, सतर्क रहकर जांच करने और आम नागरिकों की सुविधा का भी ध्यान**







**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु बॉर्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी नाकाबन्दी की व्यवस्था जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई है। इसी क्रम में गुरुवार शाम को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने संयुक्त निरीक्षण कर काली घाट चेक पोस्ट सहित नाकाबंदी की व्यवस्था का आकलन किया और मौके पर पहुंचकर स्वयं भी वाहनों की जांच की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को सतर्क होकर जांच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं एसपी ने औचक निरीक्षण के दौरान एफएसटी और एसएसटी टीम के दल प्रभारी तथा पुलिस की टीम से चर्चा की। लगातार टीम के द्वारा जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अच्छे से कार्य कर रहे हैं, टीम को इनपुट बढ़ाने की और आवश्यकता है, जिससे बड़ी कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान नजर रखें कि वाहन डायवर्ट रास्तों से ना निकलें। एसपी श्री शर्मा ने टीम को निर्देशित किया कि वाहन मुख्य मार्ग से ही जाएं, विशेषकर बड़े वाहनों पर ध्यान दें। डायवर्सन मार्गों को बंद करें।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर जिले में नामांकन की प्रक्रिया जारी है, जो 30 अक्टूबर तक चलेगी। लगातार जिले में एफएसटी, एसएसटी एवं वीडियो सर्विलांस टीम अपना कार्य मुस्तैदी से कर रहे हैं, इस प्रकार के औचक निरीक्षण से यह मुस्तैदी और बढ़ जाती है। यह निरीक्षण कभी भी दिन या रात में किसी भी पॉइंट में किया जा सकता है। एफएसटी टीम द्वारा पूर्व कार्रवाई में बिना प्रकाशक और मुद्रक की जानकारी की प्रचार सामग्री, राशि एवं अन्य सामग्री टीम द्वारा जब्त किए गए हैं, जांच एवं जप्ती की कार्यवाही लगातार जिले में जारी रहेगी।

पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए। साथ ही आम नागरिकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करते हुए उनकी सुविधा का ध्यान रखें। जिले में कुल 10 एसएसटी प्वाइंट है और हर बॉर्डर चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस, राजस्व, उद्योग एवं वन विभाग का संयुक्त दस्ता बनाया गया है। प्वाइंट में वीडियोग्राफी की भी सुविधा रखी गई है ताकि चेकिंग कार्यवाही के दौरान कोई भी सामग्री जब्त होती है तो सबूत के तौर पर रखी जा सके। चेकिंग की कार्यवाही आदर्श आचार संहिता के तारतम्य में एनडीपीएस, शराब, धन, कीमती सामान जो जिले के अंदर लाकर निर्वाचन को प्रभावित कर सकते हैं, उनकी निगरानी की जा रही है। जिले के एंट्री और एक्जिट पॉइंट्स की निगरानी की जा रही है।

कलेक्टर एवं एसपी ने आम नागरिकों से सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग देने एवं नियमों का पालन करने की अपील की है।

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कांग्रेस के तीनों प्रत्याशियों का नामांकन आज







**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं अम्बिकापुर से विधायक टीएस सिंहदेव, प्रदेश के खाद्य मंत्री एवं सीतापुर से विधायक अमरजीत भगत व सीजीएमएससी के चेरमैन व लुण्ड्रा से विधायक डॉ. प्रितम राम कांग्रेस के ये तीनों ही प्रत्याशी 27 अक्टूबर दिन शुक्रवार को सुबह 11 बजे कोठीघर से अपने समर्थकों के साथ रैली निकाल कर अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सरगुजा जिले के यह तीनों सीट अम्बिकापुर, लुण्ड्रा व सीतापुर पिछले डेढ़ दशक से कांग्रेस के कब्जे में है। इन सीटों को प्रभाव अविभाजित सरगुजा के अलग-अलग सीटों पर दिखता है, यही कारण है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं इस नामांकन रैली में हिस्सा लेंगे साथ ही कलाकेन्द्र मैदान में उनकी आमसभा भी होगी। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी महासचिव कुमारी शैलेजा को भी इस नामांकन रैली व आमसभा में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया है, उनके भी आने की संभावना है।

सरगुजा जिले के तीनों ही सीट अम्बिकापुर, लुण्ड्रा व सीतापुर से कांग्रेस के प्रत्याशी टीएस सिंहदेव, डॉ प्रितम राम व अमरजीत भगत कल नामांकन दाखिल करेंगे।

## मिनिगोल्फ प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग से चार खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम में शामिल



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

37वें राष्ट्रीय खेल गोवा 2023-24 का आयोजन 1 नवंबर 2023 से 03/11/2023 तक गोवा में होने वाला है। अब तक का सबसे बड़ा प्रतियोगिता भारत में आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी होगी?। जिसमें सरगुजा मिनी गोल्फ संघ से चार खिलाडियों का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ जो राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सरगुजा मिनी गोल्फ संघ से आकाश दुबे, साकेत केडिया, शिवानी सोनी और प्रेरणा सिंह का चयन हुआ है। सरगुजा जिले में सर्व प्रथम मिनी गोल्फ का शुरूआत राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने किया था। मिनीगोल्फ खेल में सरगुजा के खिलाड़ी देश विदेश में सरगुजा का परचम लहरा रहें हैं। और आज स्वयं राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी व रेफरी के रुप में 37वीं राष्ट्रीय खेल गोवा में शामिल हो रहे हैं।राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह 27 अक्टूबर को सभी खिलाड़ियों को लेकर रायपुर के लिए रवाना होंगे। और 28 अक्टूबर को गोवा के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश मिनीगोल्फ की टीम रवाना होगी।

## मातारानी की विसर्जन-यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 26 अक्टूबर 2023 (घटती-घटना)।**

अनोखी सोच संस्था ने बुधवार को मातारानी की विसर्जन यात्रा धूमधाम से निकाली। अलौकिक सौंदर्य से सजी हुई भव्य मूर्तियों के साथ नंदिनी,भगवान शंकर,मां काली,मां दुर्गा एवं भूत का रूप धारण किए लोगों ने विसर्जन यात्रा को और भी मनमोहक बना दिया। मोहल्ले वासी आकर्षक परिधान पहनकर, माता की चुनरी ओढ़े गीत-संगीत पर जबरदस्त नृत्य प्रस्तुत किए। महिलाओं, बालिकाओं ने पूरे जोश व उत्साह के साथ मातारानी के गीत पर भाव-आधारित नृत्य किया।

विसर्जन यात्रा बाबा-विश्वनाथ एवं हनुमान मंदिर से शुरू होकर अग्रसेन चौक, महामाया चौक, संगम चौक होते हुए पुनः मंदिर के पास आई। सामूहिक नृत्य के बाद सांड़बार बिलासपुर रोड स्थित तालाब में विसर्जन यात्रा पहुंची। नौ दिनों तक माता की आराधना में डूबे भक्तों ने नम आंखों से माता को विदाई दी। विसर्जन दौरान प्रमुख रूप से संस्था अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, भुनेश्वर साहू,चंद्रप्रताप सिंह,सुनील साहू,दिनेश गर्ग,राकेश शुक्ला,संतोष साहू,सावन केरकेट्टा,राकेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल,ननकू मुंडा, रोहित सिंह,मिथिलेश साहू,सूरज साहू, डब्लू साहू,विकास मिश्रा,अमित जायसवाल,राहुल शुक्ला, अनिल दास सहित अन्य उपस्थित रहे।





CMYK

# बैकुंठपुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी भईयालाल की जीत तय : डॉ रमन सिंह

## जन सैलाब व पूर्व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सम्पन्न हुई भईयालाल की नामांकन रैली व आमसभा

## मौके पर पूर्व सीएम रमन सिंह और केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह भी रहे मौजूद




## छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने दाखिल किया नामांकन

-रवि सिंह-
कोरिया,26 अक्टूबर (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को कुछ ही दिन शेष बचे हैं बता दें, छत्तीसगढ़ में दो चरणों में विधानसभा का चुनाव होगा। दूसरे चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। ऐसे में आज प्रदेश के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता भईयालाल राजवाडे ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह की मौजूदगी में आज बैकुन्ठपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया। जनसभा में 10 से 15 हजार लोगो के आने की बात कही जा रही है जो पहुंची भी जैसा बताया जा रहा है प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,शैलेश शिवहरे,देवेन्द्र तिवारी,भानुपाल,सुभाष साहू, बसंत राय, रेवा यादव, आनुराग दुबे, पंकज गुप्ता, अंचल रजवाड़े,रवि शंकर रजवाड़े, प्रखर गुप्ता सहित सैंकड़ो की तादात में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैकुन्ठपुर में जन सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पिछले पॉच सालो में बैकुन्ठपुर का कितना विकास हुआ है यह आप सब देख रहे है। बैकुन्ठपुर विधानसभा से भईयालाल राजवाड़े की जीत तय है। उन्होने कहा कि बैकुन्ठपुर में ही चाउर वाले बाबा के नाम से सबसे पहले मुझे पुकारा गया था उन्होने कहा कि वर्षो बाद ऐसा जूलूस देखा है ऐसा लगता है की यह भईयालाल राजवाड़े का विजय जूलूस निकला है उन्होने कहा कि इस बार तीन बार मानेगी दिवाली आगामी तीन दिसम्बर को होगी एक दीपावली राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भूपेश को करा दो खबर बैकुन्ठपुर के तापमान का। चालीस दिन का है समय भूपेश के पास अब गांव गांव मे यही नारा अब नही सहिवो बदल के रहिवो नवा नाम है छत्तीसगढ़ के बले बडे लबरा कौन भूपेश तख्त बदल दो ताज बदल दो बेईमानों का राज बदल दो यह संदेश भूपेश के लिए है मेरा, चारो बर अंधेरा है पहरेदार लूटेरा है एक हजार करोड़ दारु में लूटा गया है डॉ. रमन सिंह ने कह कि गौठान का हाल बेहाल 13 सौ करोड का घोटाला गौठान में हुआ है वहीं पर उन्होने बैकुन्ठपुर भाजपा के कार्य को गिनाते हुए कहा कि कृषि महाविद्यालय की स्थापना भईयालाल राजवाडे जी के कार्यालय में हुआ है नया कलेक्टर कार्यालय भईयालाल जी के कार्यकाल मे निर्मित हुआ है नविन न्यायालय भाजपा के कार्यकाल में बनाया गया,कांग्रेस बताये कि उसने बैकुन्ठपुर को क्या दिया।





### भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत कार्यक्रम में आने वालों के लिए उनके आवभगत का भाव काबिले तारीफ माना गया

कार्यक्रम में हजारों की भीड़ जुटी भाजपा कार्यकर्ताओं का अनुशासन भी देखने को मिला,भाजपा कार्यकर्ता हर आने वाले कार्यकर्ता सहित आम लोगों के आवभगत में लगा रहा जबकि आचार संहिता के कारण सुविधा देने की मनाही भले कार्यकर्ताओं के सामने रोड़ा रही फिर भी सभी को सम्मान देकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने साबित किया की अनुसासन मामले में भाजपा के सामने कोई दल नहीं।

### सभी भाजपा नेता हुए एकजुट,आपसी विरोध दिखा समाप्त, सभी बड़े नेताओं को मिला मंच पर स्थान

भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सभी भाजपा नेता एकजुट दिखे आज के कार्यक्रम में वहीं सभी बड़े नेताओं को मंच पर सम्मानजनक स्थान मिला यह भी देखा गया,भाजपा का आंतरिक आपसी विरोध समाप्त नजर आया वहीं जो अन्य दो बड़े दावेदार थे वह मंच पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील करके यह भी जता गए की वह प्रत्याशी के साथ हैं और भाजपा के साथ हैं।

### रमन नही राम हैं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह : रेणुका सिंह

भईयालाल राजवाडे के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने आई केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह बैकुन्ठपुर के खरवत मे जनसभा को संबोधित करते हुए बोली कि डॉ रमन सिंह रमन नही राम है। चाउर वाले बाबा आज धन्यवाद देने आए है और साथ ही आपका आशीर्वाद लेने आए हैं रेणुका सिंह ने कहा, भूभेश बघेल को जब बोलती हूं कि अब बोरिया बिस्तर बांध लो, तब उनके नेता का मैसेज आता है की यह क्यो कह रहे हो,इस बार बैकुंठपुर की जनता ठान चुकी है की इलाज वाले बाबा को चुनना है क्योंकि इलाज के लिए भी क्षेत्र की जनता परेशान रही है।

### भईयालाल की जीत सहित प्रदेश में भाजपा सरकार

नामांकन दाखिल करने के बाद भईयालाल राजवाडे ने कहा कि, आज भाजपा के प्रत्याशी की हैसियत से मैंने नामांकन दाखिल किया है, यह मेरा सौभाग्य है कि, हमारे लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपना किमती समय निकाला है, वही पर उन्होने केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह का भी आभार प्रकट किया इस दौरान हजारों कार्यकर्ताओं के साथ बहुत ही जोश के साथ नॉमिनेशन रैली निकली एक अद्भूत वातावरण का निर्माण हुआ भईयालाल राजवाड़े ने कहा की मुझे उम्मीद है कि, भाजपा बैकुन्ठपुर के साथ साथ छत्तीसगढ़ में जीत हासिल करेगी, जबकि क्षेत्र के तीनो सीटों पर हमारी जीत सुनिश्चित है।

---

## जन-जन के मन में दिख रहा अंबिका सिंहदेव के खिलाफ आक्रोश,2018 के कट्टर समर्थक हुए दूर, अब सिर्फ स्टाफ से लेकर गिनती के समर्थक कर रहे प्रचार-प्रसार

**एकजुट हुई भाजपा अब अंबिका सिंहदेव के लिए खतरा**

# काका के सपनों का कोरिया हुआ बर्बाद

**शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी अंबिका के खिलाफ बनी है लहर**

# अब क्या संभाग का सपना दिखाकर जनता को ठगने का प्रयास ?

### चुनाव परिणाम वर्तमान विधायक पूर्व विधायक के परफॉर्मेंस पर भी होगा आधारित

बैकुंठपुर विधानसभा का चुनाव परिणाम वर्तमान विधायक पूर्व विधायक के परफॉर्मेंस पर आधारित होगा, पूर्व विधायक जहां इलाज वाले बाबा हैं वहीं वर्तमान केवल कर्मचारियों से निज सचिव से घिरी हुई मात्र जिसका भी नुकसान वर्तमान विधायक को भुगतना पड़ेगा। इस बार जनता आकलन भी करेगी कि वर्तमान विधायक का कार्यकाल अच्छा था या फिर पूर्व विधायक का कार्यकाल अच्छा रहा, जनता इस बार तुलनात्मक फैसला लेगी जैसा जान चर्चाओं का विषय है। इस बार जनता अपना मत दोनों विधायक के कार्य करने के तरीके व जानते के बीच कौन ज्यादा सजग था जनता किस विधायक से आसानी से मिलती थी कौन विधायक जनता के लिए ज्यादा काम करता था सारे तुलना के पैरामीटर को नापने के बाद जनता अपना विधायक चुने वाली है इस पर कौन भारी पड़ेगा यह तो परिणाम बताया।

### मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने कांग्रेस ने अधिकतम पद संगठन में बांटा मुस्लिम समुदाय के लोगों को,अन्य समुदाय इससे भी हुआ नाराज,खासकर पटना क्षेत्र में

बैकुंठपुर विधायक ने अपने कार्यकाल के अंतिम समय में सबसे ज्यादा संगठन में पद मुस्लिम समुदाय के लोगों को प्रदान किया खासकर पटना क्षेत्र में एक साथ पांच से छह लोगों को विधायक ने बड़े पद दिए मुस्लिम समुदाय जहां इससे गद गद हुआ वहीं अन्य समुदाय में यह संदेश गया की हर पद पर एक ही समुदाय को पद देना कहीं न कहीं विधायक का गलत निर्णय था जबकि अन्य कई योग्य सामने उपलब्ध थे।

### कांग्रेस की बैठक में भी नही जुटी थी भीड़,क्या अंबिका के लिए मन से एक हो पाएंगे कांग्रेसी दिग्गज?

### विधायक के कार्यकाल में भाजपाई तो क्या कांग्रेसी भी हुए प्रताड़ित,अब चुनाव के वक्त सभी भुनाने में लगे

- रवि सिंह-
कोरिया,26 अक्टूबर (घटती-घटना)।

बैकुंठपुर की विधायक अब विधानसभा सहित जिले के लोगों को अलग ही तरह से अपनी ओर आकर्षित करने में लगी हुई हैं, ऐन चुनाव के वक्त वह अब कोरिया जिले को संभाग का दर्जा दिलाने की बात कर रही हैं वहीं वह अपनी तरफ से इस बात की घोषणा करती नजर आ रही हैं की यदि जनता उन्हे इस बार मौका देती है तो वह कोरिया जिले को संभाग का दर्जा दिलाएंगी और इस तरह वह जिले को अलग पहचान देंगी, जबकि यही वह विधायक हैं जिन्होंने जिला विभाजन मामले को हंस कर स्वीकार कर लिया नवीन गठित जिले के विधायकों को सार्वजनिक रूप से मिठाई खिलाती भी नजर आई जिसको लेकर उस समय उनकी फजीहत भी हुई, अब वह जिले के लोगों को संभाग का सपना दिखाना चाह रही हैं और उनके ही काका के सपनों के कोरिया को वह फिर से आबाद करने की बात कर रही हैं जो उनके ही कार्यकाल में बर्बाद कर दिया गया।

वैसे यदि वर्तमान स्थिति चुनाव को लेकर बैकुंठपुर विधानसभा की देखी जाए तो वर्तमान विधायक कांग्रेस की पुनः प्रत्याशी घोषित हुई अंबिका सिंहदेव का जन जन के मन में विरोध है वहीं अक्रोश भी है कुछ या यह कहें अधिकांश लोग जिला विभाजन का कारण उन्हे ही मानते हैं और उनके ही कारण ऐसा हुआ वह समझते हैं। वर्तमान विधायक का कार्यकाल भी काफी चर्चा में रहा जनता सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी हों या विपक्षी दल भाजपा के समर्थक सभी वर्तमान विधायक के कार्यकाल में एक जैसी ही स्थिति में रहे किसी को समझ में ही नहीं आया की विधायक करना क्या चाहती हैं और करती क्या हैं, विधायक को लेकर पार्टी में ही उनकी स्वीकार्यता पुनः प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर नहीं देखी जा रही है जो इस बात से साबित होता है की जब विधायक को दोबारा प्रत्याशी बनाया गया तब एक बैठक राजीव भवन में रखी गई जिसमे गिने चुने ही कांग्रेसी पहुंचे न वरिष्ठ पहुंचे न आम कार्यकर्ता संख्या शून्य से जरा अधिक ही दिखी,पहली बैठक में दिखी संख्या ही यह सवाल खड़ा करती है की क्या मन से कांग्रेसी एक होकर विधायक के लिए काम कर पाएंगे वैसे ऐसा लग नही रहा है। शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र वर्तमान विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी का विरोध हर जगह नजर आ रहा है जो साबित कर रहा है की उनके झांसे में शायद ही जनता इस बार आए जो संभाग बनाने का झांसा वह दे रही हैं। भाजपा अब एकजुट हो चुकी है सभी नेता एक साथ एक मंच पर सवार हो चुके हैं और यह कांग्रेस प्रत्याशी लिए अच्छी खबर नहीं है क्योंकि वह भाजपा के अंदरूनी विरोध के सहारे ही ज्यादा उम्मीद लगाए बैठी थीं जो अब उन्हे नाउम्मीद करने वाली स्थिति में तब्दील हो चुकी है।




### जन जन के मन में है वर्तमान विधायक के प्रति आक्रोश

बैकुंठपुर विधायक कांग्रेस प्रत्याशी के लिए जन जन के मन में आक्रोश नजर आ रहा है,सबसे ज्यादा आक्रोश कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ही है,सभी अंदर से विरोध में हैं।जैसी करनी वैसी भरनी भी कांग्रेसी ही कहते नजर आ रहे हैं क्योंकि पांच सालों के कार्यकाल में विधायक ने किसी को तव्वजो नहीं दी वहीं उनके निज सचिव को लेकर भी सवाल उठते रहे उनके कार्यप्रणाली को लेकर,याचना लेकर जाने वालों के लिए भी निज सचिव तैनात रहते थे जो निगरानी रखते थे जो कहीं न कहीं विधायक के लिए आज का विरोध साबित हो रहा है उनका,रेत मामला भी जनता भूलना नहीं चाहती वह यह मानकर चलती है की मुफ्त की रेत भी हजारों में उन्हे इन्ही विधायक के कार्यकाल में लेना पड़ा।कुल मिलाकर विधायक का जन संपर्क शून्य रहा और क्षेत्र में उनका जाना आना भी लोगों के दुख सुख में कम रहा जो उनके लिए घातक हो गया।

### पिछले चुनाव के कट्टर समर्थक हुए विधायक से हुए दूर, निज कर्मचारियों के अलावा विधायक के साथ कोई नहीं

बैकुंठपुर विधायक लाख जतन कर लें उनके साथ केवल उनके कर्मचारी हैं और कोई नहीं है,कार्यकर्ता सहित अन्य पार्टी का कोई वरिष्ठ उनके लिए दिल से काम नहीं करने वाला दिखावा ही वह करेगा यह तय है। कुल मिलाकर इस बार विधानसभा में भईयालाल को उनके पिछले कार्यकाल उनके योगदान के प्रतिफल में मत मिलेगा उनकी जीत सुनिश्चित दिख रही है जो तय है।

### साहू समाज भी हुआ विधायक सहित कांग्रेस प्रत्याशी से नाराज

वर्तमान विधायक साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी से साहू समाज भी पूरी तरह नाराज हो गया है जिसका कारण एक ही है विधायक के खास समर्थकों ने आशा साहू की दावेदारी कमज़ोर करने के लिए आशा साहू जो की कांग्रेसी हैं उन्हे भाजपाई साबित करने हर हथकंडा अपनाया जो साहू समाज को उद्वेलित कर गया,साहू समाज को ही विधायक समर्थक भाजपाई बताकर गलत कर गए जिससे समाज नाराज हुआ है जो विधायक के विपक्ष में जायेगा जो तय है।

### प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बैठक में ही नहीं पहुंचे कांग्रेसी, यह बैकुंठपुर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए उनकी पहली हार साबित हुई

बैकुंठपुर विधानसभा से इस बार कांग्रेस पार्टी से कई दावेदार थे उनमें से कई जितने योग्य थे क्योंकि वर्तमान विधायक का विरोध था उसके बावजूद वर्तमान विधायक को ही प्रत्याशी कांग्रेस ने बनाया जिसके बाद पार्टी की पहली बैठक बुलाई गई जिसमे गिने चुने कांग्रेसी पहुंचे और वहीं साबित हो गया जीत से दूर हो गई विधायक।

### काका के सपनों के कोरिया हुआ बर्बाद हुआ विभाजित,अब विधायक जिले को संभाग का दर्जा दिलाने की बात कर मांग रहीं समर्थन,लोग झांसे में आयेंगे नहीं तय

बैकुंठपुर की विधायक साथ ही कांग्रेस से आगामी विधानसभा के लिए घोषित प्रत्याशी जो स्व डॉक्टर रामचंद्र सिंहदेव जी की भतीजी हैं वह अब अपने लिए यह कहकर चुनाव में जनता से समर्थन मांग रहीं हैं की वह जीतकर आती हैं तो वह जिले को संभाग का दर्जा दिलाएंगी,वहीं जिले की जनता यह मानती है की जिला विभाजन उन्हीं की सहमति का परिणाम है,उनके काका का सपना जब बर्बाद हो रहा था जिला विभाजित हो रहा था वह मौन थीं,अब जनता संभाग बनाने को लेकर उनके घोषणा के समर्थन में नहीं आने वाली वह झांसे में नहीं आने वाली यह तय नजर आ रहा है,विधायक का कोई नहीं सुनना चाहता इस मामले में यह लगने लगा है।



# क्या कोयला के अवैध कारोबारी के भरोसे मिलेगी वर्तमान कांग्रेस प्रत्याशियों को जीत ?

संदर्भ बैकुंठपुर विधानसभा,कोयला कारोबार ही रहा है बैकुंठपुर विधानसभा में किसी प्रत्याशी के पीछे कार्यकर्ता की संख्या का आधार

## अवैध कारोबारियों ने बैकुंठपुर विधायक के जीत का उठाया है जिम्मा,कई अलग अलग गुट हैं सक्रिय

## जीत के बाद किस गुट को मिलेगी अवैध कारोबार करने की हरी झंडी ?

## कोयला सहित अवैध कारोबार से जुड़े लोग राजनीतिक मंचों की बनेंगे शोभा यह अब तय नजर आने लगा

## अब बैकुंठपुर विधानसभा के मतदाताओं का निर्णय होगा अंतिम निर्णय,अवैध कारोबार को मिलेगा जनमत या मिलेगा किसी जनसेवक को अवसर

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,26 अक्टूबर
(घटती-घटना)।

बैकुंठपुर विधानसभा में विधानसभा चुनाव 2023 का आगाज हो चुका है भाजपा कांग्रेस दोनो प्रमुख दलों ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं अब केवल शक्ति प्रदर्शन शेष बचा है जो दोनो राजनीतिक दल साबित करने की जुगत में लगे हुए हैं वहीं अब बैकुंठपुर विधानसभा में यह देखने को मिल रहा है की अवैध कारोबारी कोयला कारोबारी राजनीतिक मंचों राजनेताओं सहित दलों के घोषित प्रत्याशियों के लिए जोर आजमाइश कर रहें हैं वहीं वह माहौल देखकर जिधर संभावना है जीत की उधर अपने अपने आंकलन अनुसार अपना पैर जमा रहे हैं,इस बार देखने को मिल रहा है की कोयला कारोबारी पूरी तरह बैकुंठपुर विधायक की तरफ एकजुट हैं,अवैध कोयला का कारोबार बैकुंठपुर विधानसभा में किसी प्रत्याशी के लिए एक बड़ा सहयोगी आधार रहा है हमेशा से इस बार वह आधार बैकुंठपुर विधायक के साथ जाता नजर आ रहा है इसकी वजह भी यह मानी जा रही है की बीते वर्षो में कारोबार सबसे ज्यादा सफल रहा है कोयले का हो रेत का हो या अन्य कोई अवैध कारोबार सभी फलते फूलते नजर आए इस बार कोयला कारोबारी विधायक के जीत का जिम्मा सम्हाले हुए हैं यह बताया जा रहा है।

> बैकुंठपुर विधानसभा में अवैध कारोबारी ही प्रत्याशियों के इर्द गिर्द नजर आएंगे यही अब समझ में आने लगा

अब उन्हे सफलता मिलती है या उन्हे असफलता मिलती है यह तो जनता को तय करना है लेकिन बताया जा रहा है की इस बार मंचों पर अवैध कारोबार करने वाले हावी होंगे वह मंच के लिए सभी तरह से जिम्मेदारी संभालेंगे यह तय किया जा चुका है।वैसे अवैध कारोबारी कभी एक तरफ नहीं रहते वह समय अनुसार अपना पाला बदलते हैं यह भी माना जाता है लेकिन इस बार वह एक तरफा चल रहे हैं उन्हे भविष्य के लिए आश्वाशन है यह बताया जा रहा है।अब देखना है की अवैध कारोबार को सहारा देने के नाम पर उन्हे कौन अपने साथ कर पाता है जबकि अभी उनका झुकाव वर्तमान की तरफ है।

### क्या अवैध कारोबारियों के सहारे सत्ता की कुर्सी तक का रास्ता तय करने वाले हैं बैकुंठपुर विधानसभा के प्रत्याशी ?

बैकुंठपुर विधानसभा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सबसे अधिक सक्रिय अवैध कारोबारी हैं,कोयले सहित रेत का अवैध कारोबार करने वाले प्रत्याशियों के साथ हर पल नजर आ रहे हैं वहीं वही मंच का संयोजन कर रहे हैं और हर तैयारी वह कर रहे हैं वह चिंतित भी हैं और लगे हुए हैं अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में,अवैध कारोबारियों की सक्रियता देखकर यह सवाल उठता है की क्या सत्ता की कुर्सी तक का रास्ता क्या अवैध कारोबारियों के सहारे तय करेंगे प्रत्याशी वैसे देखकर यही लगता है असली जीत का दारोमदार अवैध कारोबारियों के ही जिम्मे है जिसमे वह लगे हुए हैं पूरे मनोयोग से।

### अवैध कारोबारियों का गई गुट है सक्रिय वह लगातार कर रहा है प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार

अवैध कारोबारियों का कई गुट सक्रिय हो गया है,वह जगह जगह जाकर प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने में लगा हुआ है वही वह किसी भी स्थिति में अपने प्रत्याशी के लिए जीत का रास्ता तय करने में लगा हुआ है।अवैध कारोबारी सभी सबसे ज्यादा चिंतित हैं,उन्हे यह मालूम है उनका प्रत्याशी जीतकर आएगा तभी उनका कारोबार फलेगा फूलेगा वरना उनका कारोबार प्रभावित होगा इसलिए वह लगे हुए हैं हर तरह से प्रचार कर अपने प्रत्याशी के लिए माहौल बनाने में लगे हुए हैं।

### मंचो पर भी नजर आयेंगे अवैध कारोबारी,मंच का जिम्मा भी होगा उनका ही,कार्यकर्ताओं से ज्यादा जिम्मेदारी उनकी होगी यह भी देखने को मिलेगा

इस बार के चुनाव में अवैध कारोबारी ही सर्वे सर्वा होंगे वह मंच का जिम्मा भी खुद देखेंगे वही सर्वे सर्वा होंगे पार्टी के वह कार्यकर्ता जो पार्टी की रीढ़ होते हैं वह उनके पीछे होंगे यह इस बार देखा जायेगा। कार्यकर्ताओं के ज्यादा जिम्मेदारी उन्ही की होगी क्योंकि उन्ही पर प्रत्याशी ज्यादा विश्वास कर रहे हैं जो देखने को भी मिलने लगा है। कुल मिलाकर प्रत्याशी अब अवैध कारोबारियों के सहारे मैदान में उतर चुके हैं वहीं वह उन्ही पर विश्वास भी कर पा रहे हैं कार्यकर्ताओं पर नहीं।

### अवैध कारोबार को मिलेगा जनमत या होगी जन सेवक किसी नेता की जीत यह तय करेंगे अब बैकुंठपुर विधानसभा के मतदाता

बैकुंठपुर विधानसभा में अवैध कारोबार काफी बड़े स्तर पर होता आया है,कोयले का रेत का कारोबार यहां प्रमुख है वहीं इन्ही कारोबार से जुड़े लोग अब प्रत्याशियों के लिए जनमत जुटाने में लगे हुए हैं,इस कारोबार से जुड़े लोग ज्यादा नहीं हैं लेकिन उन्हे विश्वास है की उनका जनाधार ज्यादा है और वह किसी का भी भविष्य राजनीतिक तय कर सकते हैं। अब देखना है की यहां जनता की जीत होती है जनसेवा के नाम पर कोई जीत दर्ज करता है या फिर अवैध कारोबारी जिसके पक्ष में जायेंगे उसकी जीत होगी,वैसे हर मंच पर अवैध कारोबारी नजर आएंगे यह तय माना जा रहा है।

## आशा साहू को भाजपा का साबित करने में भी भूमिका निभा चुके हैं अवैध कारोबारी,आशा साहू की प्रबल दावेदारी समाप्त करने में उनकी भूमिका अहम

इस बार कांग्रेस से आशा साहू प्रबल दावेदार थीं,वहीं उनकी टिकट अंतिम समय तक तय भी नजर आ रही थी ,यह जानकर की विधायक का टिकट कट रहा है विधायक समर्थक अवैध कारोबारी ही वह थे जिन्होंने आशा साहू को भाजपाई साबित किया था,आशा साहू की वह तस्वीरें जो वह सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान जहां हर दल के नेता मौजूद थे या सामाजिक कार्यक्रम जहां भाजपा नेता मौजूद थे उसे पार्टी फोरम तक यह बताकर पहुंचाना की वह भाजपा मानसिकता की हैं यह उन्ही लोगों की सोच थी जो अवैध कारोबार से जुड़े हुए हैं।आशा साहू की दावेदारी तो वह उन्हे भाजपाई साबित कर समाप्त कर दिए जबकि वह अभी तक भाजपा की प्राथमिक सदस्य नहीं थीं लेकिन विधायक के लिए भी साहु समाज को उकसाने का काम कर दिया जो उनके लिए समस्या का विषय बन गया है क्योंकि साहू समाज भी यह सोच रहा है की टिकट काटने के लिए जब कांग्रेस सदस्य साहू समाज की महिला दावेदार को भाजपा बताने से भी परहेज नहीं किया विधायक समर्थकों ने तो क्यों न साहू समाज भाजपा की तरफ ही जाए कांग्रेस का साथ छोड़ दें।

# जयसिंह ने नामांकन रैली में भरी हुंकार 'अबकी बार 75 पार'




-संवाददाता-
कोरबा,26 अक्टूबर
(घटती-घटना)।

कोरबा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी जयसिंह अग्रवाल अपने चौथे कार्यकाल के लिए आज अपना नामांकन भरा । वे कोरबा विधानसभा सीट से हैट्रिक लगाने के बाद अब चौथा कार्यकाल के लिए आज घंटा घर ओपन थिएटर से नामांकन रैली निकाली । इस दौरान आयोजित जनसभा में उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा के प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य,सड़क, पानी, बिजली, किसान की उन्नति,गांव की विकास में कार्य करते हुए सभी क्षेत्रों में विकास किया है और यदि जनता ने इस चुनाव में अपना आशीर्वाद बनाए रखा तो अब की बार कांग्रेस की सरकार 75 विधानसभा सीट पर विजयी होकर पूरे प्रदेश में चल रही विकास की लहर को और तेज गति से चलाएगी जिससे प्रदेश एवं कोरबा की जनता को किसी भी समस्याओं से जूझना न पड़े । इस दौरान चारों विधानसभा प्रत्याशी के साथ साथ प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष एवं सक्ती विधानसभा प्रत्याशी चरण दास महंत एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के साथ साथ लगभग सात हजार से अधिक जनता मौजूद रही । इस दौरान चारों विधानसभा के प्रत्याशी घंटाघर से जनबल के साथ निर्मला स्कूल चौक तक जाकर चारों प्रत्याशियों ने रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन भरा । रैली में अपने चहेते कोरबा प्रत्याशी जयसिंह को अपने नजदीक पाकर जनता एवं कार्यकर्ता काफी खुश दिखे और सभी ने प्रत्याशी जयसिंह के साथ नारे लगाते हुए कहा अबकी बार 75 पार ।



### जिले में 05 अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन पत्र

विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत कोरबा जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत कुल 05 नाम निर्देशन पत्र खरीदे गए। आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-20 रामपुर तथा विधानसभा क्षेत्र कोरबा के लिए .नाम निर्देशन क्रय करने वालों की संख्या शून्य रही। साथ ही विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 कटघोरा के लिए 02 तथा विधानसभा क्रमांक-23 पाली तानाखार के लिए 03 व्यक्तियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार की देखरेख तथा दिशा निर्देशन में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नामांकन प्रक्रिया की कार्यवाही प्रारंभ की गई। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन कुल 05 नाम निर्देशन पत्र निर्वाचन कार्यालय से इच्छुक अभ्यर्थियों ने क्रय किया। साथ ही जिले में आज 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन जमा करने वाले अभ्यर्थियों में कोरबा विधानसभा क्षेत्र से 06 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। जिसके अंतर्गत जयसिंह अग्रवाल इंडियन नेशनल कांग्रेस से, लखन लाल देवांगन भारतीय जनता पार्टी से,विशाल केलकर आम आदमी पार्टी से, रज्जाक अली निर्दलीय,अब्दुल नफीस खान निर्दलीय एवं राजेश कुमार पाण्डेय निर्दलीय ने अपना नामांकन जमा किया। इसी प्रकार कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से सत्यजीत बहुजन समाज पार्टी से, सुरेंद्र प्रसाद जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से, रवि कुमार रजक निर्दलीय एवं पुरूषोत्तम कंवर ने इंडियन नेशनल कांग्रेस से अपना नामांकन जमा किया। विधानसभा क्षेत्र रामपुर से फूल सिंह राठिया इंडियन नेशनल कांग्रेस से एवं विधानसभा पाली तानाखार से श्रीमती दुलेश्वरी सिदार ने इंडियन नेशनल कांग्रेस से अपना नाम-निर्देशन पत्र जमा किया। इस प्रकार अब तक जिले में कुल 53 व्यक्तियों ने नाम-निर्देशन पत्र लिए हैं। कुछ अभ्यर्थियों ने पूर्व दिनांक में भी नामांकन पत्र जमा किया है।

नामांकन फॉर्म लेने भी वही कांग्रेसी पहुंचे जो हैं विधायक से नाराज,संगठन सक्रिय है क्या यह दिखाने का था प्रयास

# राजाओं वाला दिखा अंदाज प्रत्याशी में,खुद नामांकन फॉर्म लेने न जाकर भेजा वरिष्ठ कांग्रेसियों को फॉर्म लेने

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,26 अक्टूबर
(घटती-घटना)।

बैकुंठपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक का नामांकन फॉर्म लेने पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस नजीर अजहर सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बैकुंठपुर ग्रामीण अजय सिंह के नेतृत्व में गिने चुने लोग जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। नामांकन फॉर्म लेने पहुंचे कांग्रेसियों में वह लोग भी शामिल दिखे जो सबसे ज्यादा निराश हैं बैकुंठपुर से घोषित कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर और जो कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक से लगातार दूर भी चले आ रहे थे और सत्ता में होने के बावजूद जिनकी विधायक के आस पास पहुंच कभी नहीं रही। नामांकन फार्म लेने कांग्रेस प्रत्याशी वर्तमान विधायक खुद नहीं पहुंची संगठन के कुछ गिने चुने लोग पहुंचे यह चर्चा का विषय भी बना हुआ है और माना जा रहा है यह राजपरिवार का होने का अंदाज है और कांग्रेस प्रत्याशी जो राजपरिवार से हैं वह सीधे नामांकन के दिन ही जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचेंगी जिस दिन नामांकन फॉर्म जमा किया जाएगा और संभवतः उस दिन कोई प्रदेश स्तर का बड़ा कांग्रेस नेता भी



मौजूद होगा इस दौरान।

जिले में जारी नामांकन फार्म लेने की प्रक्रिया के दौरान यह भी देखा गया की भाजपा प्रत्याशी के लिए भी नामांकन फॉर्म लिया गया भाजपा प्रत्याशी के द्वारा नामांकन फॉर्म लेने के दौरान भी यह देखने को मिला की संख्या कम ही थी लेकिन यह भी देखा गया की खुद प्रत्याशी मौजूद रहे साथ में जिलाध्यक्ष भी मौजूद रहे। भाजपा ने प्रत्याशी सहित जिलाध्यक्ष को भेजकर नामांकन फॉर्म लिया और साबित किया की प्रत्याशी और संगठन एक साथ है वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के लिए लिए गए नामांकन फार्म के दौरान खुद जिलाध्यक्ष कांग्रेस नजर नहीं आए फोटो फ्रेम में यह भी देखा गया वैसे हो सकता है यह पार्टी का ऊपर से निर्देश हो फिर भी इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है और चर्चा यही हो रही है की राजपरिवारों वाला यह अंदाज हो सकता है और खुद न जाकर फॉर्म लेने प्रत्याशी यह जताना चाहती हों की उनके लिए लोग हैं जो फॉर्म ले आएंगे उन्हे इसके लिए मशक्कत करने की जरूरत नहीं है।

### समर्थकों की लंबी फौज है बावजूद उनके नामांकन फार्म के लिए गिने चुने लोग पहुंचे

कांग्रेस प्रत्याशी जो वर्तमान विधायक भी हैं उनके नामांकन फॉर्म लेने न जाने को लेकर यह भी कहा जा रहा है की वह वर्तमान विधायक हैं उनके पास समर्थकों की लंबी फौज है बावजूद इसके उनके नामांकन फार्म के लिए गिने चुने लोग पहुंचे यह चुनाव के मद्देनजर अच्छा संदेश नहीं है और इससे जाहिर होता है की उनको लेकर पार्टी में ही एकजुटता नहीं है भले ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित पूर्व जिलाध्यक्ष इस दौरान मौजूद थे लेकिन जिलाध्यक्ष सहित अन्य को भी फोटो फ्रेम में होना था जिसमे शहरी अध्यक्ष जो दो हैं दो अन्य ग्रामीण अध्यक्ष जिन्हे कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है वह क्यों मौजूद नही थे यह सवाल उठ रहा है और कहा जा रहा है की प्रत्याशी को लेकर आपस में ही कांग्रेस में खींचतान है और जिसके कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो रही है।

### एसएसटी व एसएफटी के दल में किया गया आंशिक परिवर्तन

-संवाददाता-
सूरजपुर,26 अक्टूबर
(घटती-घटना)।

विधानसभा क्षेत्र प्रेमनगर 04 के तहत विधानसभा क्षेत्रवार स्थैतिक निगरानी दल व उड़नदस्ता दल में आंशिक संशोधन करते हुए कुछ अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी में परिवर्तन किया गया है। जिसके तहत विधानसभा प्रेमनगर के द्वितीय पाली में चेक पोस्ट कमलपुर के लिये आशीष कुमार जायसवाल प्रभारी अधिकारी, डॉ. तेज राम बंजारा चेक पोस्ट एरिया उड़नदस्ता प्रभारी एवं राजापुर से श्री अजय कुमार तिवारी प्रभारी अधिकारी, डॉ. तेज राम बंजारा चेक पोस्ट एरिया उडनदस्ता प्रभारी तथा तृतीय पाली के चेक पोस्ट प्रभारी व उड़नदस्ता प्रभारी श्री कपिल देव सिंह को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पुलिस कर्मचारी व विडियोग्राफर की ड्यूटी लगाई गई है।

## आठ अभ्यर्थियों ने लिया फॉर्म व आठ ने किया जमा















-संवाददाता-
सूरजपुर,26 अक्टूबर (घटती-घटना)।

सूरजपुर/जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिये विधानसभा वार कुल आठ अभ्यार्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया और आठ लोगों ने नामांकन पत्र जमा भी किया। नामांकन पत्र लेने वाले अभ्यर्थियों में प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खेलसाय शामिल है जबकि भटगांव से दिलीप कुमार यादव,अशोक कुमार राजवाडे,संदीप कुमार कुशवाहा, प्रदीप कुमार ने नामांकन पत्र लिया है इसी प्रकार प्रतापपुर से शकुंतला पैकरा, सुमित्रा मरावी,सुंदरलाल श्याम ने नामांकन पत्र लिया।जमा करने वालों में प्रेमनगर से संतोष कुमार रवि,गोगपा से जयनाथ सिंह केराम,भटगांव से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी राजवाड़े बसपा से नरेंद्र साहू,आप से सुरेंद्र गुप्ता व सुनील कुमार गुप्ता प्रतापपुर से भाजपा प्रत्याशी शकुंतला सिंह पोर्ते,कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमारी मरावी ने नामांकन पत्र जमा किया है।

# भारत महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के लिए तैयार

**रांची, 26 अक्टूबर 2023।** बहुप्रतीक्षित झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 बस आने ही वाली है, जो शुक्रवार को शुरू होने वाली है, हजारों उत्सुक हॉकी प्रेमी इसके रोमांचक क्षणों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 10 दिवसीय असाधारण कार्यक्रम, रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होने वाला है, जहां माहौल बेहद आकर्षक है।

अपने प्रिय हॉकी आदर्शों की एक झलक पाने की उम्मीद में प्रशंसकों ने कार्यक्रम से पहले ही स्टेडियम में जुटना शुरू कर दिया है।

भारत, चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित कुल छह टीमें प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट प्रारूप के अनुसार, शीर्ष चार टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले छह टीमों में से प्रत्येक राउंड-रॉबिन चरण के दौरान पांच मैचों में भाग लेगी।

जबकि गत चैंपियन, जापान और हांग्जो 2022, चीन में 19वें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता निस्संदेह ध्यान आकर्षित करेंगे, भारतीय महिला हॉकी टीम भी खिताब के लिए पसंदीदा के रूप में सामने आ रही है। हांग्जो में अपने प्रदर्शन से ताज़ा, जहां उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया, सविता के नेतृत्व में भारत एक मजबूत अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक है।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने इन मैचों के महत्व पर जोर दिया और कहा, इस तरह के टूर्नामेंटों में, किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। हम इन मैचों का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि ये हमें कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी क्षमता का परीक्षण करने में मदद करेंगे। एशिया में मजबूत टीमें। बेशक, हम हर मैच जीतना चाहते हैं और यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं, पेरिस 2024 ओलंपिक क्वालीफायर की तैयारी कर रहे हैं, जिसकी मेजबानी रांची में भी की जाएगी। यह टूर्नामेंट सुरक्षित करने की अंतिम चुनौती से पहले एक महत्वपूर्ण तैयारी परीक्षा के रूप में कार्य करता है ओलिंपिक बर्थ।÷



कप्तान के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए, मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, ÷ओलंपिक क्वालीफायर से पहले इन मैचों को खेलना एक शानदार अवसर है। यह हमें अन्य टीमों का अध्ययन करने और यह आकलन करने की अनुमति देता है कि खिलाड़ी अपनी निर्धारित भूमिकाएँ कैसे निभाते हैं। एशियाई खेलों में हमारा हालिया प्रदर्शन इस प्रकार था÷ आशाजनक, और मैं हमारी टीम को कार्रवाई में देखने के लिए उत्साहित और उत्सुक हूं।÷

टूर्नामेंट में भारत की यात्रा शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023 को थाईलैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगी, उसके बाद शनिवार, 28 अक्टूबर, 2023 को मलेशिया के साथ भिड़ंत होगी। इसके बाद, वे सोमवार, 30 अक्टूबर, 2023 को अपने तीसरे मैच में चीन से भिड़ेंगे। , और फिर मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023 को जापान के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। टीम का अंतिम पूल मैच गुरुवार, 2 नवंबर को कोरिया के खिलाफ होगा, जिसके बाद नॉकआउट चरण के खेल होंगे। भारत 2016 में पिछली जीत के साथ अपना दूसरा महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब सुरक्षित करने का लक्ष्य बना रहा है। वे 2013 और 2018 संस्करणों में उपविजेता रहे और 2010 में तीसरे स्थान पर रहे।

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई हॉकी कैलेंडर का एक प्रतिष्ठित आयोजन, पहली बार भारत में आयोजित किया जा रहा है। घरेलू दर्शकों का उत्साहपूर्ण समर्थन निस्संदेह भारत के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा क्योंकि वे इस प्रतिष्ठित खिताब को अपने संग्रह में जोड़ने का प्रयास करेंगे। प्रशंसक उत्साहपूर्वक जयकार करेंगे, जिससे एक अविस्मरणीय माहौल बनेगा।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच बने अमोल मजूमदार




**नई दिल्ली,26अक्टूबर 2023।** मुंबई के दिग्गज बल्लेबाज अमोल मजूमदार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसकी घोषणा की।

अमोल मजूमदार अब उस भूमिका में कदम रखेंगे जो उनके साथी रमेश पवार ने लगभग दस महीने पहले एक पुनर्गठन मॉड्यूल के हिस्से के रूप में खाली कर दी थी। उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्थानांतरित कर दिया गया था।तब से, ऋषिकेश कानिटकर और नूशिन अल खदीर ने अंतरिम क्षमताओं में मुख्य कोच की भूमिका निभाई थी।

इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप में भारत के अभियान और चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के अभियान के दौरान ऋषिकेश कानिटकर के पास कमान थी, वहीं बांग्लादेश के भारतीय महिला टीम दौरे के दौरान नूशिन अल खदीर ने टीम का नेतृत्व किया। अमोल मजूमदार की नियुक्ति बीसीसीआई द्वारा इस साल मई में मुख्य कोच की भूमिका के लिए आवेदन मांगे जाने और जुलाई की शुरुआत में साक्षात्कार आयोजित करने के बाद हुई है।बीसीसीआई ने बयान में कहा, सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की तीन सदस्यीय क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी ने पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों का इंटरव्यू लिया।काफी विचार-विमर्श के बाद तीन सदस्यीय समिति ने सर्वसम्मति से अमोल मजूमदार को यह पद संभालने की जिम्मेदारी दी है।

कोच बनने के बाद अमोल मजूमदार ने कहा, मैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होने पर बेहद सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं सीएसी और बीसीसीआई को मुझ पर भरोसा करने और टीम इंडिया के लिए मेरे दृष्टिकोण और रोडमैप पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद देता हूं।मुंबई के घरेलू बल्लेबाज अमोल मजूमदार ने 21 साल के करियर में 171 प्रथम श्रेणी मैचों में 11,167 रन बनाए, 30 शतक बनाए और आठ रणजी ट्रॉफी खिताब जीते। 15 वर्षों तक मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के बाद, अमोल मजूमदार ने 2009 में असम के लिए खेला और बाद में आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 100 से अधिक लिस्ट ए गेम्स और 14 टी20 मैचों में भी हिस्सा लिया।

अपने खेल करियर के बाद, अमोल मजूमदार कोचिंग में चले गए और 2021 से मुंबई टीम के मुख्य कोच थे, जहां टीम 2021/22 रणजी ट्रॉफी की उपविजेता रही और पिछले सीज़न में अपना पहला सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब जीता। वह आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और साउथ अफ्रीका की नेशनल टीम के साथ भी काम कर चुके हैं।

# अच्छा टीम वर्क रहेगा तो परफॉर्मेंस भी अच्छी होगी:रोहित शर्मा

**नई दिल्ली,26अक्टूबर 2023।** भारत के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के लिए अब तक विश्व कप 2023 शानदार रहा है। उनके नेतृत्व में भारत ने अपने सभी पांच लीग मैच जीते हैं, जिसमें कप्तान की बल्ले से भी अहम भूमिका रही है। भारत अपने अगले मैच में 29 अक्टूबर को लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है।



रोहित ने टूर्नामेंट में मेजबान टीम का नेतृत्व करने पर अपने विचार साझा किए और बताया कि वह टीम में सभी को कैसे मैनेज कर रहे हैं।

भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि जब खिलाड़ियों को प्रबंधित करने की बात आती है, तो यह काफी महत्वपूर्ण है कि आप पहले व्यक्ति और उनकी आवश्यकता को समझें, उस विशेष व्यक्ति की पसंद और नापसंद क्या है क्योंकि आप जानते हैं कि टीम के खेल में यह सिर्फ एक या दो व्यक्तियों या कुछ के बारे में नहीं है। यह हर किसी के बारे में है।हम यह भी समझते हैं कि जब आप चैंपियनशिप, बड़े टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं, तो हर किसी को पार्टी में आना होगा और अपनी भूमिका निभानी होगी। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी को अच्छी मानसिक स्थिति में रखें। इसलिए, हर किसी की बात सुनना, यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि वे क्या चाहते हैं, वे कैसे काम करना चाहते हैं और इस तरह की चीजें और फिर आप हर चीज को ध्यान में रखते हैं और आगे बढ़ते हैं और यह कुछ ऐसा है जो मैं हमेशा करता हूं।

# पीकेएल के सीजन 10 की तैयारी में जुटी गुजरात जायंट्स



**अहमदाबाद ,26 अक्टूबर 2023।** पीकेएल के 10वें सीजन से पहले गुजरात जायंट्स ने नीलामी के दौरान एक मजबूत टीम तैयार की थी, अब सीजन 10 में धूम मचाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

टीम के कोच राम मेहर सिंह के नेतृत्व में टीम प्रशिक्षण शिविर में एकत्र हुई है और सीज़न के लिए खुद को तैयार करने में जुट गई है।

घरेलू समर्थन के साथ गुजरात के दिग्गज धमाकेदार शुरुआत करना चाहेंगे। जिसमें फज़ल अत्राचली, मोहम्मद नबीबक्श, प्रतीक दहिया जैसे खिलाड़ी आगे बढ़ने के लिए उत्सुक होंगे।

# एशियन पैरा गेम्स 2023 में भारत ने रचा इतिहास

**रिकॉर्ड 80 पदक तक पहुंचा**

**नई दिल्ली,26अक्टूबर 2023।** गुरुवार को भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए एशियाई पैरा खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाया। चौथे दिन भारत के कुल पदक की संख्या को 80 तक पहुंच गई है। इसमें 18 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। वहीं भारत ने इंडोनेशिया में 2018 में 72 पदक जीतने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। भारत ने अब तक 18 गोल्ड, 23 सिल्वर और 39 ब्रॉन्ज सहित कुल 80 पदक जीते हैं। खेलों में अब दो दिन बाकी हैं और भारत हांगझोउ खेलों में 100 पदक जीतने के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है।

भारत ने जकार्ता में पिछले पैरा एशियाई खेलों में 15 गोल्ड, 24 सिल्वर और 33 ब्रॉन्ज पदक सहित 72 पदक जीते थे। गुरुवार को पुरुष एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में सचिन सर्जेराव ने 16.03 मीटर के खेलों के रिकॉर्ड थ्रो के साथ भारत को दिन का पहला गोल्ड मेडल दिलाया। रोहित कुमार ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।



पैरा निशानेबाज सिद्धार्थ बाबू ने आर6 मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा में 247.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शीतल देवी और राकेश कुमार की तीरंदाजी की कंपाउंड मिश्रित टीम ने चीन के लिन युएशान और ऐइ शिनलियांग को फाइनल में 51-149 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी और नवीन दलाल की तीरंदाजी पुरुष युगल जोड़ी ने डब्ल्यूवन स्पर्धा में कजाखस्तान की जोड़ीह को 125-120 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। सिमरन और भाग्यश्री माधवराव जाधव ने महिला टी12 100 मीटर और महिला एफ34 गोला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीते। सिमरन ने 26.12 सेकेंड का समय लिया जबकि भाग्यश्री ने 7.54 मीटर की दूरी तय की। नारायण ठाकुर ने पुरुष टी35 100 मीटर में 14.37 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता जबकि श्रेयांश त्रिवेदी (12.24 सेकेंड) को भी पुरुष टी37 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक मिला।

पैरा बैडमिंटन में सुकांत इंदूकांत कदम (पुरुष एकल एसएल4), सिवन नित्या सुमथी (महिला एकल एसएच6), मनीषा रामदास (महिला एकल एसयू5), मनदीप कौर और मनीषा (महिला युगल एसएल3-एसयू5), कृष्णा नागर और सिवराजन एस (पुरुष युगल एसएच6) तथा प्रमोद भगत और सुकांत (पुरुष युगल एसएल3-एसएल4) ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले गंवाने के बाद कांस्य पदक जीते। शतरंज में भावेशकुमार रति हिमांशी ने महिला व्यक्तिगत स्टैंडर्ड वी1-बी1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

# इजराइल में सुरक्षा स्थिति के कारण मकाबी तेल अवीव बेलग्रेड में यूरोलीग मैचों की मेजबानी करेगा

**यरूशलम,26अक्टूबर 2023।** इजरायली चैंपियन मैकाबी तेल अवीव इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बेलग्रेड में अपने आगामी यूरोलीग घरेलू मैच आयोजित करेगा। मैकाबी ने यूरोलीग बास्केटबॉल (ईबी) के फैसले का हवाला देते हुए एक बयान में यह जानकारी दी।



राउंड 6 में रियल मैड्रिड के खिलाफ मैकाबी का आगामी घरेलू मैच, जो मूल रूप से 2 नवंबर को निर्धारित था, एक अनिर्दिष्ट तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया था।

बायर्न म्यूनिख, ओलंपियाकोस पीरियस, बार्सिलोना और अल्बा बर्लिन के खिलाफ इजरायल के निम्नलिखित चार घरेलू मैच नवंबर के अंत में सर्बिया की राजधानी के अलेक्जेंडर निकोलिक हॉल में अपनी निर्धारित तारीखों पर खेले जाएंगे।

ईबी के फैसले में कहा गया, मैकाबी को बेलग्रेड नगर पालिका और सर्बियाई सरकार का समर्थन मिला है और वह आवश्यक सुरक्षा उपायों की योजना बनाने के लिए बातचीत में शामिल होंगे।

इसमें निष्कर्ष निकाला गया, ईबी सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में रहकर स्थिति के विकास की निगरानी करना जारी रखेगा और यदि आवश्यक हो तो किसी भी संशोधन की घोषणा करेगा।

# बॉक्स ऑफिस पर छा गई नंदमुरी बालाकृष्ण की फिल्म! भगवंत केसरी

नंदमुरी बालाकृष्ण की फिल्म भगवंत केसरी बॉक्स ऑफिस पर झूम मचा रही है. फिल्म बिना किसी प्रमोशन के ही शानदार कमाई कर रही है. न सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि वर्ल्डवाइड भी फिल्म का जलवा कायम है. महज 7 दिनों में फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री ले ली है और धुआंधार कमाई कर रही है.




भगवंत केसरी 19 अक्टूबर को विजय थलापति की फिल्म लियो के साथ थिएटर्स में रिलीज हुई थी. क्लैश के बावजूद फिल्म का जादू चल गया है और यह अच्छा कारोबार कर रही है. एनडीटीवी में छपी एक खबर की मानें तो फिल्म का बजट 100 करोड़ है और 7 दिनों के अंदर फिल्म ने अपना बजट निकाल लिया है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड 104 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

भगवंत केसरी के प्रोडक्शन हाउस शाइन स्क्रीन्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म के सेंचुरी मारने की जानकारी दी है. प्रोडक्शन हाउस ने लिखा- यह दशहरा सर्वसम्मत है और भगवंत केसरी का है. स दशहरा विजेता केसरी की कमाई सनसनीखेज 104 करोड़ और बॉक्स ऑफिस पर सुपर स्ट्रॉन्ग रही है.

नंदमुरी बालाकृष्ण की फिल्म भगवंत केसरी की कहानी के बारे में बात करें तो यह एक जेल में बंद अपराधी और जेलर, सीआई श्रीकांत (शरथ कुमार) के साथ उसकी दोस्ती पर बेस्ड है. केसरी की मां बीमार हैं और वे आखिरी बार अपने बेटे को देखना चाहती हैं. ऐसे में जेलर नियमों के खिलाफ जाकर केसरी को उसकी मां से मिलवाने ले जाता है. इसकी वजह से जेलर को कुछ समय के लिए सस्पेंड कर दिया जाता है.भगवंत केसरी में नंदमुरी बालाकृष्ण के अलावा अर्जुन रामपाल, काजल अग्रवाल, श्रीलीला जैसे स्टार्स भी दिखाई दिए हैं. यह एक तेलुगू फिल्म है जिसने न सिर्फ वर्ल्डवाइड 104 करोड़ कमाए हैं बल्कि घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी 65.35 करोड़ का कारोबार कर लिया है

# संजना को धक धक का प्रचार न करने का मलाल

अभिनेत्री संजना संघी हाल ही में फिल्म धक धक में नजर आई थीं, जिसे समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली पर यह दर्शकों को लुभाने में नाकाम रही।तरुण दुडेजा के निर्देशन में बनी यह एक एडवेंचर ड्रामा फिल्म है, जिसमें संजना के साथ फातिमा सना शेख, दीया मिर्जा और रत्ना पाठक 4 बाइकर के किरदार में नजर आई हैं।अब संजना ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी से लेकर इसके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन और प्रचार को लेकर बात की।



संजना ने बताया कि फिल्म की रिलीज से एक हफ्ते पहले तक इसका प्रचार न कर पाने की उन्हें काफी चिंता थी, लेकिन उन्होंने इंडस्ट्री के लिए स्क्रीनिंग का आयोजन किया।शबाना आजमी, विद्या बालन, अली फजल, नसीरुद्दीन शाह सहित कई सितारों ने उनकी फिल्म देखी, जिनकी राय उनके लिए बहुत मायने रखती थी।अभिनेत्री कहती हैं कि इसके अलावा समीक्षा और दर्शकों की राय से भी उन्हें कोई शिकायत नहीं है। इस दौरान जब संजना से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज करना चाहिए था और इसका प्रचार भी ऐसा होना था तो उन्होंने हामी भरी।संजना कहती हैं कि धक-धक जैसी फिल्म बनाने के लिए मेहनत लगती है। उन्होंने फिल्म को अपना दिल और आत्मा दी थी।उनका कहना है कि जब वे इसका प्रचार नहीं कर पाए तो उन्हें बुरा लगा क्योंकि उनका मानना था कि यह लोगों को प्रभावित करेगी। इस दौरान संजना ने फिल्म के लिए बाइक चलाने का अपना अनुभव भी साझा किया, जिसके लिए उन्होंने काफी तैयारी की थी।उन्होंने कहा, बाइक चलाने मेरे लिए एकदम नया था, जिसे मुझे सीखना था। फिल्म में सभी सीन को हमने खुद ही शूट किया था।अभिनेत्री कहती हैं कि शूटिंग के दौरान हिमालय पर 250 किलो वजनी रॉयल एनफील्ड की सवारी करना कोई मजाक नहीं है। इसके लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, लेकिन यह सब शानदार था।

धक धक का निर्माण वायकॉम 18 और तापसी पन्नू की आउटसाइडर्स फिल्म्स से सहयोग से हुआ है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी तो यह एक हफ्ते में 80 लाख रुपये ही कमा पाई और सिनेमाघरों से इसका पत्ता साफ हो गया।धक धक का ट्रेलर फिल्म की रिलीज (13 अक्टूबर) से 3 दिन पहले ही रिलीज हुआ। ऐसे में लोगों का इसकी रिलीज को लेकर भ्रमित होना लाजमी थी, जिसके बारे में संजना जानती थीं।संजना बताती हैं कि इसका निर्णय सितारे नहीं बल्कि मार्केटिंग वाले लेते हैं, लेकिन वह इस बात से खुश हैं कि उनकी फिल्म की स्क्रीन की संख्या को दोगुना और शहरों की संख्या को तीन गुना किया गया। अच्छा कंटेंट लोगों को पसंद आया।



# देवरा का नया पोस्टर जारी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता जूनियर एनटीआर मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में हैं।इसमें सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन कोराताला शिवा कर रहे हैं।अब निर्माताओं ने सोमवार (23 अक्टूबर) को देवरा का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें एक हाथ हथियार पकड़े नजर आ रहा है।इसके साथ निर्माताओं ने दर्शकों को दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं।एनटीआर आर्ट्स ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर देवरा का नया पोस्टर साझा किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, दुनिया में सबसे घातक हथियार को पकड़ने वाला हाथ है। टीम देवरा की ओर से आप सभी को दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं।देवरा एक नहीं, बल्कि दो भागों में रिलीज होगी।फिल्म का पहला भाग 5 अप्रैल, 2024 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगा।यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जो तेलुगु समेत तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी।

CMYK

# केवल हरित पटाखों के विक्रय-उपयोग की अनुमति

## रायपुर,बिलासपुर,भिलाई-दुर्ग,रायगढ़ तथा कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक पटाखा जलाने पर होगा प्रतिबंधित

» दीवाली में 2 घंटे ही फोड़ सकेंगे पटाखे

» दीपावली,छठ पूजा,गुरु पर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के लिए उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश




**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।** राज्य में केवल हरित पटाखों का उपयोग एवं विक्रय ही हो सकेगा। साथ ही दीपावली, छठ, गुरू पर्व, नया वर्ष/ क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोडने़ के लिए दो घंटे की अवधि निर्धारित की गई है। उच्चतम न्यायालय तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की मार्गदर्शिका के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में निर्देशों का कड़ाई से पालन करने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया है। दीपावली, छठ पूजा, गुरु पर्व, नया वर्ष/क्रिसमस के मौके पर दो घंटे की अवधि पटाखे फोडने़ के लिए निर्धारित की गई है। दीपावली के लिए रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, छठ पूजा के लिए सुबह छह बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरु पर्व के लिए रात 8 बजे से रात 10 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। क्रिसमस/नया वर्ष के लिए रात्रि 11 बजकर 55 मिनट से रात्रि 12 बजकर 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। शीत ऋतु में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए वायु ( प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 19 की उपधारा 5 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं कोरबा के नगरीय क्षेत्रों में 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक की अवधि में पटाखों का जलाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा 23 नवंबर 2018 को पारित आदेश के मुताबिक पटाखों के उपयोग के संबंध में कुछ अन्य निर्देश भी दिये गये हैं। इनमें कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूव्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाइसेंस्ड ट्रेडर द्वारा किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लडियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाइसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिये गये हैं जिनके द्वारा पटाखों में लीथियम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। आनलाइन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाइटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजान आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। उक्त निर्देशों के कड़ाई से पालन के निर्देश जिला प्रशासन को दिये गये हैं।

## 28-29 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे राहुल

**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।**28 और 29 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे कांग्रेस नेता राहुल गाँधी। मिली जानकारी के अनुसार राहुल गाँधी फरसगांव,भानुप्रतापपुर और कवर्धा में जनसभा को संबोधित करेंगे।



छत्तीसगढ़ में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। इसके बाद से सभी राजनीतिक दलों के नेता चुनावी मैदान में उतरकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं और वहीं घर-घर जा कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। चुनावी सीजन में वादों और दावों का दौर भी जोरों पर है। जहां एक ओर सीएम भूपेश बघेल कर्जमाफी करने और धान की कीमत बढ़ाने का ऐलान कर किसानों को साधने में जुटी हुई है तो दूसरी ओर भाजपा कांग्रेस के इस दांव का काट लाने की तैयारी में है।

# रमन सिंह से बड़ा कोई भ्रष्टाचारी नहीं:सीएम भूपेश

**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।**

चुनावी सभा में सीएम बघेल पूर्व सीएम रमन पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि रमन सिंह से बड़ा भ्रष्टाचारी छत्तीसगढ़ में कोई नहीं है। उनके शासन में लोग परेशान थे। हमारी सरकार ने हर वादा पूरा किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशियों को जीताने की अपील की।



छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तरीख का ऐलान होते ही, प्रदेश में सियासी पारा चरम पर है। कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियां चुनाव जीतने के लिए पूरा दम लगा रहीं है। बड़े नेता लगातार जनसभा कर रहे हैं। इसी कड़ी में साीएम भूपेश बघेल ने रायपुर के गांधी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया।

जिसमें उन्होंने भाजपा पर जम कर हमला बोला। सीएम ने कहा कि इनके 15 साल के राज में खदान, धान और चावल तक को लुटाने और कमीशन खाने का काम हुआ।सीएम ने कहा कि धोखे से अगर भाजपा सरकार आ गई तो सरकारी कर्मचारियों का ओपीएस बंद हो जाएगा और इसके लिए आप तैयार रहिए. इस कारण से आप को 17 तारीख को पंजा में बटन दबाना है। कांग्रेस वो पार्टी है, जिसने आजादी की लड़ाई हिंदुस्तान के

## असम के मुख्यमंत्री से सीएम बघेल ने किया सवाल

### भारत सरकार ने उन्हें खुद दिए 10 करोड़ या...

चुनावी राज्यों में इन दिनों सियासी गर्माहट चरम पर है। इस बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर हमला बोला है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल करते हुए कहा कि पहले तो हिमंत बिस्वा सरमा बताएं कि उन्हें और उनकी पत्नी को भारत सरकार ने किसान संपदा योजना के तहत जो 10 करोड़ रुपए दिए हैं, उसके लिए उन्होंने आवेदन किया था? या फिर भारत सरकार ने उन्हें खुद ये पैसे दे दिए? ये 10 करोड़ रुपए उन्हें किस योजना के तहत दिए गए? इसके लिए उन्होंने आवेदन किया या उनकी पत्नी ने?

# रायपुर में नामांकन के बहाने कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

» सीएम भूपेश की मौजूदगी में 7 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।**

आज राजधानी रायपुर जिले के 7 कांग्रेस प्रत्याशियों में नामांकन भरा है। नामांकन के दौरान सीएम बघेल भी प्रत्याशियों के साथ मौजूद रहे। 7 कांग्रेस प्रत्याशियों में शिव डहरिया, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, धनेंद्र साहू, महंत रामसुंदर दास और धरसींवा से छाया वर्मा ने नामांकन भरा है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। प्रदेश में दो चरणों में मतदान होने है जिसमें पहले चरण का मतदान 7 नवंबर और दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होंगे।वहीं, 3 दिसंबर को मतगणना होगी। चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। इसी बीच दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है।



# सुरक्षाबलों की 25 से अधिक कंपनियां छत्तीसगढ़ पहुंची

» नक्सल प्रभावित जिलों की सुरक्षा में तैनात होंगे 10 हजार से अधिक जवान

**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।**

नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में सात और 17 नवंबर को दो चरणों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव की मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ियों का छत्तीसगढ़ पहुंचने का सिलसिला हुआ शुरू हो चुका है। ये टुकड़ियां स्पेशल ट्रेनों के ज़रिए रायपुर पहुंच रही हैं।



इस बार पूरे प्रदेश में क़रीब 10 हज़ार से ज्यादा अर्ध सैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है। अब तक 25 से अधिक कंपनियां अपने जरूरी सामान और अस्त्र-शस्त्र के साथ पहुंच चुकी हैं। उपस्थिति दर्ज कराने के बाद उन्हें संबंधित जिलों में रवाना कर दिया गया है। प्रदेश में केंद्रीय सुरक्षा बल की 150 कंपनियों को विभिन्न जिलों में तैनात किया जाना है।

### पहले चरण के मतदान में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

छत्तीसगढ़ में सात नवंबर को पहले चरण का मतदान होना है। 20 सीटों में पहले मतदान होगा।इसमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मानपुर-मोहला, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोड़ागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंटा विधानसभा शामिल है। इन क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अधिकतर इलाके नक्सल प्रभावित होने के कारण जवानों की निगाह नक्सली गतिविधियों पर भी रहेगी।




## गुरुमुख सिंह होरा ने खरीदा नामांकन

**धमतरी,26अक्टूबर 2023(ए)।** भाजपा और कांग्रेस में रनिंग विधायकों के टिकट कटने के बाद से राजनीतिक महत्वाकांक्षा को लेकर भगदड़ मचा हुआ है। कोई दूसरी पार्टी में शामिल हो रहा तो कोई निर्दलीय नामांकन पत्र खरीद कर पार्टी से बगावत करने की ठान ली है। अंतिम सूची जारी होने के बाद बगावत का सिलसिला शुरूहो गया है।धमतरी के पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा का टिकट कटने के बाद कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद होरा ने आज नामांकन फार्म खरीद लिया है। उन्होंने चुनाव लड़ने की बात भी कही है। बता दें कि धमतरी में कांग्रेस ने ओंकार साहू को टिकट दिया है। इसके बाद प्रत्याशी का विरोध शुरू हो गया है। कांग्रेस की अंतिम सूची जारी होने के बाद पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा के कार्यालय में विधानसभा के अलग-अलग बूथ से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई थी। बैठक में सभी ने एक सुर में पूर्व विधायक का समर्थन किया था।

कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक को निशर्त समर्थन देते हुए साथ खड़े रहने की बात भी कही थी। साथ ही कहा कि अगर होरा को टिकट नहीं दिया जाता है तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी से इस्तीफा देंगे। इसके बाद आज होरा ने नामांकन फार्म खरीदा है।

# राशि त्रिभुवन महिलांग ने नामांकन खरीदकर ताल ठोक दी

### सीएम भूपेश ने बातचीत के लिए बुलाया

**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।** महासमुंद की नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कांग्रेस से चुनाव लड़ने की दावेदारी की थी,टिकट नहीं मिलने पर जोगी कांग्रेस से नामांकन खरीदा है।

भाजपा और कांग्रेस में दावेदारों और रनिंग विधायकों के टिकट कटने के बाद चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार नए घर की तलाश में है। क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों ने भी अपने दरवाजे आगंतुकों के लिए खोल दिए है। बहरहाल यह देखना होगा कि राशि का यह फैसला कांग्रेस और भाजपा को कौन से मोड़ में लाकर खड़ा करता है। 2018 के विधानसभा चुनाव में त्रिभुवन महिलांग ने भी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे. से चुनाव लड़ा था। इस बार उनकी पत्नी राशि त्रिभुवन महिलांग ने इसी पार्टी से नामांकन खरीदकर ताल ठोक दी है। नामांकन पत्र खरीदने के बाद राशि त्रिभुवन महिलांग ने बगावती तेवर दिखाते हुए कहा कि मेरे समर्थक घर आकर चुनाव लड़ने पर जोर दे रहे है



मैं अपने समर्थकों का सम्मान करते हुए नामांकन पत्र खरीदा हूं। खबर है कि डैमेज कंट्रोल करने के लिए बड़े - बड़े कांग्नेस के नेता जुटे हुए है।

वहीं आज शाम को सीएम भूपेश बघेल ने राशि महिलांग को सुलह के लिए बुलाया है। यदि बात बन गई तो मुकाबला टक्कर का होगा और बात नहीं बनी तो महासमुंद में त्रिकोणीय मुकाबला होने के राजनीतिक पंडित भविष्यवाणी कर रहे है।

राशि त्रिभुवन महिलांग के नामांकन खरीदने के बाद अब कांग्रेस में बगावत के सुर उठते दिखाई पड़ रहे हैं। कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने से नाराज राशि महिलांग ने शायद अब अपनी बारी खेलने के लिए दूसरी पार्टी के टीम से उतरने की ठान लिया है। हालाकिं अभी तक यह बात पार्टियों की ओर से खुलकर सामने नहीं आई है।आखिर वह कांग्रेस छोड़कर दूसरी टीम से बल्लेबाजी करेंगी या फिर कांग्रेस के आला नेता उन्हें मना पाएंगे और वह कांग्रेस से ही टीम में फील्डिंग प्लेयर रहेंगी। लेकिन यह बात तो स्पष्ट है कि यदि फील्डिंग ही करना होता तो शायद नाराजगी में भी नामांकन फार्म निर्दलीय खरीदा जाता। जनता कांग्रेस छतीसगढ़ जे. से नामांकन लेना कुछ अलग ही कहानी गढ़ रही है।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा 28 और 29 को दो दिवसीय प्रवास पर

**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।**भाजपा के दिग्गज नेताओं के चुनावी दौरे के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 28 और 29 अक्टूबर को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। जारी



कार्यक्रम के मुताबिक वे 28 अक्टूबर को रात 8 बजे से 9.30 बजे तक प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित बैठक में शामिल होंगे।इसके बाद भोजन, फिर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ही रात्रि विश्राम करेंगे।दूसरे दिन 29 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक एकामत्म परिसर में बैठक लेंगे। 11 से 11.30 बजे तक अमलीडीह में मन की बात कार्यक्रम में शामिल होंगे. इसके बाद वे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे।जहां से वे डोंगरगढ़ विधानसभा के ठेलकाडीह गांव में सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद पर्डरिया में स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल में आयोजित जनसभा को भी वे संबोधित करेंगे। यहां से वे चंद्रपुर विधानसभा के मालखरौदा जाएंगे और सभा को संबोधत करेंगे। इसके बाद वे रायपुर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नक्सलियों के बंद का असर दिखा

» सभी दुकानें,बस,सड़कों पर आवा-गमन हुआ ठप्प

**बीजापुर,26अक्टूबर 2023(ए)।** जिले में नक्सली बंद का असर देखने को मिल रहा है। सुबह से कई दुकानें, सड़कों पर लोगों का आना-जाना बंद हैं। बता दें कि नक्सलियों ने एनकाउंटर में अपने साथी की मौत के विरोध में बंद बुलाया है। बीजापुर जिले के भोपालपटनम, मद्देड़, आवापल्ली, कुटरू भैरमगढ़ में भी नक्सलियों के बंद का असर देखा गया। बीजापुर के नया बस स्टैंड में रायपुर, जगदलपुर, तेलंगाना, महाराष्ट्र और तेलंगाना जाने वाली यात्री बसें भी बीजापुर में खड़ी है।



अंदरूनी इलाकों में भी यात्री गाड़ियां नहीं चल रही है। काफी अरसे बाद नक्सलियों के बंद का बड़े पैमाने पर असर देखा जा रहा है। बता दें कि एक दिन पहले नक्सलियों ने नेशनल हाईवे-63 के बरदेला गांव के समीप सड़क जाम किया और फायरिंग की थी। बीजापुर से रायपुर जा रहे यात्री बस को रोककर बैनर लगाया और उसे वापस बीजापुर भेजा दिया था। नेशनल हाईवे-63 में काफी दिनों बाद नक्सलियों की इस हरकत से लोग देहशत में हैं। बीजापुर नेशनल हाईवे में रात-दिन वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।

एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि बंद को देखते हुए सभी थानों को अलर्ट जारी किया है। साथ ही सुरक्षा बलों द्वारा सर्चिंग अभियान किया जा रहा है।

# छाया वर्मा और अनुज शर्मा को धरसीवां सीट से टक्कर देंगे अमित बघेल

**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में विधासभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा स्थानीय पार्टियां भी जोरों से अपनी तैयारी कर रही हैं। इस बीच जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी भी चुनावी मुकाबले में शामिल हो गई है।

आज जेसीपी ने भी अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 5 उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। इससे पहले जेसीपी ने अपनी पहली लिस्ट दशहरे के दिन जारी की थी। इसमें 31 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इसके साथ ही पार्टी ने 44 बिंदुओं पर घोषणा पत्र भी जारीकर चुकी है।




जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के दूसरी लिस्ट जारी हो गई है। जारी सूची के मुताबिक जेसीपी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल धरसींवा विधानसभा से चुनावी मैदान में उतरेंगे। बता दें कि यहां से कांग्रेस की उम्मीदरवार छाया वर्मा, जबकि बीजेपी से अनुज शर्मा प्रत्याशी हैं। इसके साथ ही दुर्ग ग्रामीण से कामेश साहू को टिकट मिला है। जेसीपी ने अब तक कुल 36 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दी है।

कुल 36 सीटों पर प्रत्याशी हैं मैदान में बता दें कि पार्टी ने 44 बिन्दुओं पर अपना घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है। इस दौरान पार्टी ने कहा था कि धान का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 3200 रुपए करेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ियों को आर्थिक सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी। 31 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट में पाटन से मघुकांत साहू, कसडोल से डॉ. देवेश वर्मा, राजनांदगांव से मनीष देवांगन को टिकट दिया गया है। इस पार्टी का चुनाव चिन्ह छड़ी है।



# अमित ने मांगी सीआरपीएफ सुरक्षा

### मुख्यमंत्री गैंग पर धमकी देने का आरोप लगाया

**रायपुर,26अक्टूबर 2023(ए)।** अमित जोगी ने अपने दो प्रत्याशियों के लिए सीआरपीएफ सुरक्षा मांगी हैं. इसके लिए चनाव आयोग को पत्र लिखा है. वही मुख्यमंत्री पर गम्भीर आरोप लगाते ट्विटर में लिखा कि आज भारतीय निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त महोदय को पार्टी ने पत्र लिखकर हमारे दो प्रत्याशी सरायपाली विधानसभा से किस्मत लाल नंद एवं महासमुंद विधानसभा से राशि महिलांग को तत्काल सुरक्षा प्रदान करने का निवेदन किया है।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के इन दोनो ही प्रत्याशियों को मुख्यमंत्री महोदय के गैंग द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है और चुनाव से नाम वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री महोदय जी की यह बौखलाहट लाजमी है क्योंकि अब उन्हें 'जोगी लहर' में डूबने का डर सता रहा है। इसलिए ये हथकंडे अपना रहे हैं। जिनके संरक्षण से कुछ तत्व धमकी-चमकी का ओवरटाइम कर रहे हैं, मैं उन लोगों को यह बताना चाहता हूं, हम न रुकेंगे, न झुकेंगेआप अपना समय बर्बाद मत करो।

## रमन सिंह के घोटालों की जांच ईडी क्यों नहीं करती:

**राजनादगांव,26अक्टूबर 2023(ए)।** विधानसभा चुनाव का दौर चलते ही कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को उनके विधानसभा क्षेत्र में ही घेरने घोटाले के आरोपों का पिटारा खोला हैराधिका खेड़ा ने गुरुवार को डॉ. रमन सिंह पर नान घोटाला, पनामा पेपर लीक, चिटफंड सहित कई आरोप लगाये।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)